

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 276

ग्वालियर, शनिवार 25 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## राजग की राष्ट्रपति प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने दाखिल किया नामांकन, पीएम मोदी समेत शीर्ष नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** केंद्र में आरूढ़ सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद भवन परिसर स्थित राज्यसभा महासचिव के कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी को मुर्मू के नामांकन पत्र सौंपे। मुर्मू के साथ नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और सहयोगी दलों के नेता मौजूद थे। भाजपा नेताओं के अलावा वाईएसआर कांग्रेस के विजयसाई रेड्डी, ओड़िशा की बीजू जनता दल सरकार के दो मंत्री और उसके नेता सस्मित पात्रा, अन्नाद्रमुक नेता ओ पनीरसेल्वम और थम्बी दुरई तथा जनता दल (यूनाईटेड) के राजीव रंजन सिंह भी मौजूद थे। राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए प्रत्येक सेट में निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच से 50 प्रस्तावक और 50 अनुमोदक होने चाहिए। चुनाव जीतने पर मुर्मू देश की



पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी। आपको बता दें कि द्रौपदी मुर्मू ने 4 सेट में नामांकन दाखिल किया। पहले सेट में प्रधानमंत्री मोदी प्रस्तावक और राजनाथ सिंह अनुमोदक बने। दूसरे सेट में जेपी नड्डा प्रस्तावक हैं और राजग दलों के मुख्यमंत्री अनुमोदक हैं। तीसरे सेट में हिमाचल और हरियाणा के विधायक प्रस्तावक और अनुमोदक हैं। जबकि चौथे सेट में गुजरात के विधायक प्रस्तावक और अनुमोदक हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू जो आदिवासी क्षेत्र से आती हैं मुझे लगता है कि पहली बार इस प्रकार के लोगों का चयन हुआ है। भारत की राजनीति में एक राष्ट्रपति के रूप में ये बहुत बड़ी बात होगी। मुझे लगता है कि सभी लोग मिलकर इनका समर्थन करेंगे। राजग उम्मीदवार को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सारे भारत के लोग और खासकर आदिवासी, जनजाति समाज के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं की एक आदिवासी, जनजाति महिला को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। आज़ादी के लंबे कालखंड के बाद ऐसा अभूतपूर्व फैसला हुआ है। यह ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। इसी बीच बिहार की उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने विपक्ष पर करारा हमला बोला।

## गोरखनाथ मंदिर व सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले 'लेडी डान' को आगरा से गोरखपुर लाई पुलिस

**गोरखपुर।** 'लेडी डान' के नाम से बने फर्जी ट्वीटर हैंडल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला व गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले सोनू कुमार को गोरखपुर पुलिस वारंट बी पर आगरा से गोरखपुर ले आई है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ा गया आरोपी फिरोजाबाद का रहने वाला है। एक माह पहले उसे आगरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि धमकी देने वाला भीम आर्मी से जुड़ा है। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। फिरोजाबाद के रहने वाले सोनू कुमार ने चार फरवरी को 'लेडी डान' के नाम से बने ट्वीटर हैंडल से गोरखनाथ मंदिर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इस आइडी से लगातार तीन ट्वीट किए गए थे। पहले ट्वीट में लिखा था कि उत्तर प्रदेश विधानसभा, रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर बम लगा दिया गया है। भीम सेना की अध्यक्ष सीमा सिंह मानव बम बनकर मुख्यमंत्री पर हमला करेगी। राशिद ने गोरखनाथ मंदिर में बम लगा दिया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। तभी फिर ट्वीट किया गया और लिखा कि गोरखनाथ मंदिर में सुलेमान भाई ने बम लगा दिया है।

## केंद्र के एक मंत्री शरद पवार को दे रहे हैं धमकी, मुझे भी मिली है चेतावनी : संजय राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सीएम उद्धव ठाकरे के हाथ से फिसलती सियासी बाजी के बीच शिवसेना के सांसद संजय राउत का ताजा बयान सामने आया है कि केंद्र के एक मंत्री एनसीपी प्रमुख शरद पवार को धमकी दे



रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि ये धमकी उन्हें और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को भी दी जा रही है। राउत के मुताबिक ये चेतावनी महाविकास अघाड़ी सरकार को बचाने को लेकर है। इन आरोपों को लेकर उन्होंने एक ट्वीट भी किया है। बता दें कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार मुश्किलों में घिर गई है। शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे करीब 40 विधायकों के साथ गुवाहटी में डटे हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'एनसीपी प्रमुख शरद पवार को बीजेपी का एक केंद्रीय मंत्री धमकी दे रहे हैं। मुझे और उद्धव ठाकरे को भी धमकी दी जा रही है। धमकी में कहा गया है कि अगर हम महाविकास अघाड़ी सरकार को बचाने की कोशिश करेंगे तो वो शरद पवार को घर नहीं जाने दिया जाएगा। सरकार रहेगी या जाएगी।।लेकिन महाराष्ट्र शरद पवार के बारे में ऐसी भाषा को स्वीकार नहीं करता है।

# अफगानिस्तान में भीषण भूकंप के बाद पैदा हुए आपातकाल जैसे हालात

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने बताया कि पहले से ही राजनीतिक अस्थिरता, सूखे और गरीबी की मार झेल रहे अफगानिस्तान में भीषण भूकंप के कारण देश के सामने एक और आपात स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान में ही अकाल के खतरे का सामना कर रहे हैं और देश के नए तालिबान शासकों द्वारा मानवाधिकारों का उल्लंघन बढ़ रहा है।

यूनाइटेड नेशंस के मानवीय मामलों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स और अफगानिस्तान के लिए यूनाइटेड नेशंस के उप विशेष प्रतिनिधि रमिज़ अलकबरोव ने अफगानिस्तान की 3.8 करोड़ की आबादी के समक्ष खड़ी गंभीर कठिनाइयों और खतरों का जिक्र किया। अफगानिस्तान में 22 जून को आए भीषण भूकंप के बाद सुरक्षा



परिषद की एक बैठक में अधिकारियों ने यह बयान दिए। अफगानिस्तान मीडिया के अनुसार इस भूकंप में करीब एक हजार लोग मारे गए हैं। हालांकि, यूनाइटेड नेशंस ने पक्तिका और खोस्त प्रांतों में भूकंप के कारण करीब 770 लोगों के मारे जाने का अनुमान लगाया है। सैकड़ों अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिस कारण अधिकारियों ने आगाह किया है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। 23 जून को भी शवों को मलबे से निकालने का काम जारी था।

मार्टिन ग्रिफिथ्स ने इस ऑनलाइन बैठक में कहा कि तालिबान के पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान को अपने नियंत्रण में लेने के बाद से अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में बदलाव आया है और देश के लोग अविश्वसनीय मानवीय पीड़ा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा 30 साल में सबसे खराब सूखे से जूझने के कारण प्रांतों के तीन-चौथाई हिस्से प्रभावित हुए हैं, ससे फसल का उत्पादन औसत से कम होने की उम्मीद है। ग्रिफिथ्स ने कहा कि देश की 2.5 करोड़ आबादी गरीबी में गुजर-बसर कर रही है, यह आंकड़ा 2011 की तुलना में दोगुना है। इनमें से 66 लाख लोग आपात स्थिति में है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक लोग अफगानिस्तान में ही अकाल से प्रभावित हैं। अलकबरोव ने कहा कि भूकंप ने लोगों के सामने एक और मुसीबत खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा कि तालिबान के खिलाफ सशस्त्र विपक्षी समूहों के उदय के कारण वहां सुरक्षा को लेकर अनिश्चितताएं उत्पन्न हो रही हैं।

## भीषण भूकंप के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,150 हुई

**काबुल।** अफगानिस्तान में सरकारी मीडिया में जारी ताजा आंकड़े के अनुसार, भीषण भूकंप के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,150 हो गई है। ईंट और पत्थरों से बने घर भूकंप के कारण तबाह हो गए हैं, इसकारण मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहे 3.8 करोड़ की आबादी वाले देश में लाखों बच्चों के गंभीर कुपोषण की चपेट में आने का खतरा है। इस बीच छह तीव्रता वाले भूकंप ने हजारों लोगों का आसरा छीन लिया है। सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार को आए भूकंप में करीब 3,000 मकान नष्ट हो गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि पिछली रिपोर्ट के अनुसार 1,000 लोग मारे गए थे और ताजा रिपोर्ट के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़कर 1,150 हो गई है। उन्होंने कहा कि कम से कम 1,600 लोग घायल हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने मरने वालों की संख्या 770 बताई है। गायान जिले में भूकंप से कम से कम 1,000 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। खोस्त प्रांत के स्पेरा जिले में 800 मकानों को नुकसान पहुंचा है, हालांकि आधुनिक इमारतें



छह तीव्रता वाले भूकंप का सामना करने में सक्षम रहीं, लेकिन मिट्टी-ईंट के बने मकान और भूस्खलन संभावित पहाड़ इसतरह के भूकंपों को और अधिक खतरनाक बनाते हैं। जर्मनी, नॉर्वे और कई अन्य देशों ने घोषणा की कि वे भूकंप प्रभावितों के लिए सहायता भेज रहे हैं, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे केवल संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के माध्यम से काम होगा, तालिबान के साथ नहीं, जिसे अब तक किसी भी सरकार ने आधिकारिक तौर पर मान्यता नहीं दी है। भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री से भरे ट्रक पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान पहुंचे और मानवीय सहायता सामग्री से भरे विमान ईरान और कतर में उतरे। भारत ने कहा है कि उसकी सहायता सामग्री वहां मौजूद एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी और अफगान रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी जाएगी।

## बागी विधायकों को सीएम उद्धव की चुनौती- हमारे बिना लोगों के बीच जाने की हिम्मत दिखाएं



### जो अपनी कीमत लगाकर वहां गए उनकी कितनी कीमत लगानी चाहिए- आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चल रहे सियासी संकट के बीच शिवसेना अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि उन्हें सीएम पद का कोई मोह नहीं है. लेकिन उन्होंने ये भी कहा है कि इस पद पर बने रहने के लिए उन्होंने अपनी ज़िद नहीं छोड़ी है. उन्होंने ये बातें ज़िला प्रमुखों की बैठक में कहीं. शुक्रवार दोपहर एक बजे से मुंबई के दादर इलाके में स्थित शिवसेना भवन में राज्य के जिला प्रमुख और तहसील प्रमुखों की बैठक हुई. जिसे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने ऑनलाइन संबोधित किया. उद्धव ठाकरे ने कहा कि मुझे सत्ता का लोभ नहीं है इसलिए मैं सीएम आवास वर्षा छोड़कर मातोश्री में आ गया. हम सबको एक साथ रह कर लड़ना है. मर भी जाएंगे तो शिवसेना नहीं छोड़ेंगे बोलकर कुछ लोग भाग गए. उद्धव ठाकरे ने कहा, कौन किस तरह का व्यवहार कर रहा है, इसमें हमें नहीं जाना है. जो लोग बोलते थे कि हम मरने पर भी शिवसेना नही छोड़ेंगे, वो मरने के पहले ही छोड़कर चले गए. ठाकरे और शिवसेना का नाम बिना उपयोग किये जी कर दिखाएं. बागी विधायकों ने शिवसेना को तोड़ने का काम किया है. मेरी तस्वीर के बिना लोगों में घूमकर दिखाएं. उन्होंने कहा, जो छोड़कर गये, उनको लेकर मुझे क्यों बुरा लगेगा? मुझे लगता था कि मेरी मुख्यमंत्री की कुर्सी हिल रही थी, लेकिन वो मेरी रीढ़ की हड्डी हिल रही थी. एकनाथ शिंदे के लिए क्या कम किया. नगर विकास मंत्रालय दिया. संजय राठौड़ पर गंभीर आरोप होते हुए भी उन्हें संभाला गया. शिवसेना के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले को दिखाना होगा कि शिवसेना के प्रति उनकी निष्ठा क्या है.÷ वहीं हैरानी की बात यह रही कि शिवसेना के समर्थक जिस संख्या में सेना भवन पहुंचा करते थे वो संख्या यहां नजर नहीं आई. महाराष्ट्र के पर्यावरण मंत्री और शिवसेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे भी शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए. इस दौरान आदित्य ठाकरे ने बागी विधायकों पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि सवाल ये है कि जो अपनी कीमत लगाकर वहां गए हैं उनकी कितनी कीमत लगानी चाहिए. सत्ता तो आती जाती रहती है।

## सपना चौधरी को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि

### गरीबों का निम्स अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा

**जयपुर।** जानीमानी डांसर एवं अभिनेत्री सपना चौधरी को राजस्थान की निम्स यूनिवर्सिटी ने 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' की मानद उपाधि से नवाजा है। यूनिवर्सिटी ने सपना चौधरी को यह सम्मान कला क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया है। इस दौरान निम्स एवं निफ्लक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन एवं निम्स विवि के कुलाधिपति बलवीर सिंह तोमर ने डॉ. सपना चौधरी के आग्रह पर गरीब बच्चों के उपचार का आश्वासन भी दिया। अब सपना द्वारा भेजे मरीजों का निम्स अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा। सपना चौधरी हाल ही में यहां



यूनिवर्सिटी के फेलिसिटेशन एंड कल्चरल इवेंट' में शिरकत करने आई थी। इस दौरान सपना ने रैंपवॉक और सिंगिंग-डांसिंग परफॉर्मेंस से स्टूडेंट्स का दिल जीत लिया। जयपुर-दिल्ली हाइवे स्थित निम्स यूनिवर्सिटी के सुंदरवन गार्डन में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ बलवीर सिंह तोमर ने किया. डॉ. तोमर से मुलाकात के दौरान जब सपना चौधरी ने गरीब बच्चों के उपचार की बात कही तो उन्होंने उन बच्चों के मुफ्त इलाज का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा की सपना चौधरी बिग बॉस में भी हिस्सा ले चुकी हैं। वे देश की जानी-मानी डांसर में शामिल हैं। सपना नानू की जानू और वीरे की वेडिंग सहित कई हिंदी फिल्मों भी काम कर चुकी हैं। इस दौरान डॉ. तोमर ने निम्स विवि की 21 वर्ष की विकास यात्रा से सपना चौधरी को रू-ब-रू कराया। डॉ. तोमर ने बताया कि निम्स विवि बेटियों की शिक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए के लिये निरंतर प्रयासरत हैं। सपना चौधरी के डांस और गाने अक्सर चर्चा में रहते हैं। सपना के कार्यक्रमों में उनकै फैंस की जबर्दस्त भीड़ उमड़ती है।

## साढ़े 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के 9 साल पुराने केस में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

**नई दिल्ली।** राजस्थान की एक बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने दोषी दरिंदे को मौत की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि यह अपराध क्रूर और अमानवीय था। जस्टिस एएम खानविलकर, दिनेश माहेश्वरी और सीटी रविकुमार की पीठ ने दोषी को सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि दोषी ने लालच देकर बच्ची को विश्वास में लिया और उसे बाइक पर जबरन बिठाकर ले गया। इसके बाद उसने बच्ची के साथ क्रूरता और अमानवीय



रूप से दुष्कर्म किया गया था। अदालत ने कहा कि यह घटना अंतरात्मा को झकझोर देती है। विशेष रूप से जिस तरह से साढ़े सात साल की मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया और फिर बेरहमी से उसका कत्ल कर दिया गया। दोषी ने पीड़िता का सिर कुचला। मनोज प्रताप ने राजस्थान हाईकोर्ट के 29 मई 2015 को दिए फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 365, 376(2)(एफ), 302 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 6 के तहत दंडनीय अपराधों में दोषी करार दिया था। ट्रायल कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या का ये मामला करीब 9 साल पुराना है। यह घटना राजस्थान की है। साल 2013 में शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग साढ़े सात साल की बच्ची का अपहरण कर लिया गया था। फिर सुनसान जगह पर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया।

## खास खबर

### तानाशाह किम ने देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का फैसला किया

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने ''विरोधी ताकतों से निपटने के लिए अग्रिम मोर्चे के सैनिकों के कामों में एक ''अहम सैन्य कार्य योजना शामिल करने और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का फैसला किया है। खबर के अनुसार, सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण बैठक में अग्रिम मोर्चे के सैनिकों के कामों में एक ''अहम सैन्य कार्य योजना'' शामिल करने और परमाणु क्षमता को मजबूत करने का फैसला किया। उत्तर कोरिया ने हालांकि अग्रिम मोर्चे की सेना इकाइयों के लिए नए अभियानगत कामों को ब्यौरा नहीं दिया, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि हो सकता है कि देश प्रतिद्वंद्वी देश दक्षिण कोरिया के साथ लगती सीमा पर परमाणु हथियार तैनात करने की योजना बना रहा हो। रिपोर्ट के अनुसार सैन्य आयोग की तीन दिवसीय बैठक के दौरान किम ने देश की सैन्य ताकत को मजबूत करने और विरोधी ताकतों से निपटने के लिए '' आत्मरक्षा संबंधी क्षमताओं को मजबूत करने की योजना पर काम करने आह्वान किया। यह बैठक बृहस्पतिवार को सम्पन्न हुई।

### रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर, चार लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में एनएच-730 पर रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 2 लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि 2 की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। इसमें रोडवेज बस का ड्राइवर भी शामिल है। वहीं लगभग 2 लोग घायल हुए। इनमें से एक यात्री की हालत गंभीर है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराके पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक अनुबंधित रोडवेज बस धौरहरा से लखीमपुर खीरी जा रही थी। इस दौरान ईसानगर थाना क्षेत्र के भरेठा गांव के पास सामने से आ रही एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। शोर सुनकर लोग बचाव के लिए दौड़ पड़े। हादसे में 4 की मौत हो चुकी है। जबकि एक घायल यात्री की हालत गंभीर बनी हुई है। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी खमरिया ले जाया गया, यहां 2 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मचा हुआ है।

### रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने दिया जाएगा : डिप्टी गवर्नर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने कहा कि रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट सबसे कम रही है। 'वैश्विक स्तर पर संकट का प्रभाव और भारतीय अर्थव्यवस्था' विषय पर आयोजित संवाद सत्र में पात्रा ने कहा कि भारत के पास करीब 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है, जो काफी अधिक हैं, इसकारण रुपये की विनिमय दर में बहुत अधिक गिरावट नहीं आई। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा, हम इसकी (रुपये की) स्थिरता के लिए प्रयास कर रहे हैं, और यह प्रक्रिया लगातार चल रही है...। हम अव्यवस्थित तरीके से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे, निश्चित ही बहुत तेजी से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे...। पात्रा ने कहा कि यदि रुपये की विनिमय दर में कमी को देखते हैं, तब पाएंगे कि यह उन मुद्राओं में शामिल है जिनमें दुनिया में मूल्य ह्रास सबसे कम हुआ है। इसका कारण इसके पीछे 600 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार की ताकत है। गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 78.32 पर बंद हुआ था। हालांकि शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में यह डॉलर के मुकाबले 12 पैसे चढ़कर 78.20 पर खुला।

### पीएनजीआरबी के चेयरमैन पद के लिए नया विज्ञापन जारी

**मुंबई।** मोदी सरकार ने तेल एवं गैस नियामक पीएनजीआरबी के डेढ़ साल से खाली पड़े चेयरमैन पद पर नियुक्ति के लिए फिर से विज्ञापन निकाला है। तेल मंत्रालय ने इस हफ्ते पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के चेयरमैन पद के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए हैं। पीएनजीआरबी के प्रमुख का पद दिसंबर, 2020 में दिनेश के सर्राफ के कार्यमुक्त होने के बाद से ही खाली पड़ा हुआ है। हालांकि तलाश एवं चयन समिति ने जून, 2021 में पूर्व ऊर्जा सचिव संजीव नंदन सहाय का इस पद पर चयन किया था लेकिन सरकार की तरफ से इस पर मुहर नहीं लगी। इसके बाद नवंबर, 2021 में भी इस पद की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था।

न्यूज़ ट्रैक....

## बटलर एकदिवसीय सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बने

**लंदन** । इंग्लैंड के जोस बटलर एकदिवसीय सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले विकेटकीपर बन गये हैं। इससे पहले यह रिकार्ड भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के नाम था। बटलर ने नीदरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में कुल 19 छक्के लगाकर धोनी को पीछे छोड़ दिया। वहीं इससे पहले धोनी ने साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में कुल 17 छक्के लगाए थे। सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में तीसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं। डिविलियर्स ने वर्ष 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 16 छक्के लगाए थे। चौथे नंबर पर भी बटलर ही हैं। बटलर ने साल 2019 में एकदिवसीय सीरीज में 14 छक्के लगाए थे। बटलर ने इस सीरीज में 185 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से कुल 248 रन बनाए थे। बटलर ने नीदरलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में कुल 19 छक्के और 14 चौके लगाए हैं। इसी कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी मिला। इस क्रिकेटर ने अबतक 88 मैचों में 142 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से कुल 2140 रन बनाए हैं।

## अब फिल्म बनाएंगे धोनी

**रांची** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सिंह धोनी अलग-अलग क्षेत्रों में उतरते रहते हैं। खेल के अलावा कारोबार जगत में भी अपनी पैठ बनाये हुए हैं। इसी के तहत अब धोनी दक्षिण के सुपरस्टार थालापथी विजय के साथ फिल्म बनाने जा रहे हैं। धोनी ने स्वयंविजय को फोन कर उनकी ये फिल्म करने के लिए कहा है। आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स में कप्तानी करने के दौरान ही धोनी का दक्षिण से एक विशेष नाता जुड़ गया था। इसी कारण वह तमिलनाडु में काफी लोकप्रिय हैं। इसी कारण धोनी को थाला यानी लीडर कहा जाता है। धोनी ने कुछ समय पहले ही अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया था। इसके तहत हाल ही में एक एनिमेशन सीरीज़ भी बनी थी। इससे पहले धोनी के जीवन पर बनी फिल्म भी हिट रही थी।

## सिमोन एशिया पैसीफिक कप में खेलेंगी चार भारतीय महिला गोल्फर

**नई दिल्ली** । भारत की चार महिला गोल्फर 750,000 अमेरिकी डॉलर ईनामी राशि वाले पहले सिमोन एशिया पैसीफिक कप में भाग लेंगी। इंडोनेशिया के जकार्ता में 15 से 20 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिए दो-दो खिलाड़ियों की दो भारतीय टीम को आमंत्रण मिला है। इस टूर्नामेंट का आयोजन एशियाई गोल्फ लीडर्स फोरम के तहत ही होगा। इसमें कुल इनामी राशि में से पांच लाख की इनामी राशि व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए दी जाएगी जबकि ढाई लाख डॉलर की इनामी राशि टीम स्पर्धा के लिए रहेगी। यह तीन दिवसीय 54 होल की स्ट्रोक प्ले स्पर्धा रहेगी। इसमें भारत को पहले एक ही टीम आवंटित की गई थी। जिसमें अदिति अशोक और त्वेसा मलिक को ही आमंत्रित किया गया था। भारतीय महिला गोल्फ संघ के अनुसार बदलाव के तहत इन दोनों की जगह इस बार दीक्षा डागर और गौरिका बिश्नोई को शामिल किया गया है। वहीं दूसरी टीम में अमनदीप द्राल और वाणी कपूर रहेंगी।

रणजी फाइनल में मध्यप्रदेश की वापसी

# ओपनर यश दुबे और शुभम शर्मा ने जमाए शतक, स्कोर 250 के पार

**बैंगलुरू।** रणजी में फाइनल का रोमांच बरकरार है। कभी मप्र का पलड़ा भारी हो रहा है तो कभी मुंबई का। दोनों ही टीमें पूरा जोर लगा रही हैं। पांच दिनी मुकाबले के तीसरे दिन मध्यप्रदेश जबर्दस्त वापसी कर रहा है। उसने शुक्रवार को लंच के बाद अपनी पहली पारी में खबर लिखे जाने तक एक विकेट पर 250 रन बना लिए हैं। म्प्र की ओर से ओपनर यश दुबे (109*) और शुभम शर्मा (100*) शतक जमा चुके हैं। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 203 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है। हालांकि, टीम अब भी 124 रन से पीछे है। मप्र ने दिन की शुरुआत 123/1 के स्कोर से की। यश दुबे ने 44 और शुभम शर्मा ने 41 रन से अपने निजी स्कोर को आगे ब?ाया। इससे पहले हिमांशु मंत्री 31 रन बनाकर तुषार देशपांडे की गेंद पर स्लुक्कु आउट हुए।



**मुंबई पहली पारी में 374 रन पर आउटः** दूसरा दिन मुंबई के नाम रहा। उसकी ओर से सरफराज खान ने शतक जमाते हुए अपनी टीम का स्कोर 374 रन पहुंचाया। सरफराज खान ने शानदार जमाते हुए 134 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी शतकीय पारी में 243 गेंदों का सामना किया। इसमें 13 चौके और 2 छक्के शामिल है। 24 साल के सरफराज ने अपने फर्स्ट क्लास करियर का आठवां शतक जमाया है। पिछली 14 रणजी पारियों में सरफराज एक तिहरा शतक, दो दोहरे शतक, चार शतक और तीन अर्धशतक जमाए हैं।

**गौरव को चार, अनुभव को दो विकेटः** दूसरे दिन मध्यप्रदेश के गेंदबाजों ने भी दबाव बनाए रखा। उन्होंने सरफराज को खुलकर नहीं खेलने दिया। गौरव यादव ने चार, अनुभव अग्रवाल ने तीन, सारांश जैन ने दो और कुमार कार्तिकेय ने एक विकेट लिए।

### पहले दिन मुंबई की अच्छी शुरुआत के बाद MP ने वापसी की थी

पृथ्वी शॉ और यशस्वी जायसवाल ने मुंबई को अच्छी शुरुआत दी। इन दोनों ने पहले विकेट की साझेदारी में 87 रन जोड़े। शॉ 79 बॉल पर 5 चौके और एक छक्का जमाने के बाद मीडियम पेसर अनुभव अग्रवाल की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जायसवाल ने अरमान जाफर के साथ मिलकर मुंबई को 100 रन के पार पहुंचाया। मुंबई का दूसरा विकेट 120 रन के स्कोर पर गिरा जब जाफर 56 गेंदों पर 26 रन बनाकर ढुक्क स्टार लेफ्ट आर्म स्पिनर कुमार कार्तिकेय की गेंद पर यश दुबे को कैच थमा बैठे। शाम होते-होते मुंबई ने पांच विकेट गंवा दिए थे।

# पंड्या , सूर्यकुमार और उमरान आयरलैंड के लिए रवाना

**नई दिल्ली** । कप्तान हार्दिक पंड्या , बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक आयरलैंड दौरे पर रवाना हो गये हैं। बल्लेबाज सूर्यकुमार ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर दो तस्वीरें साझा की हैं। इसमें पहली तस्वीर में वह वह अकेले ही विमान के अंदर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सूर्यकुमार फिट नजर आ रहे हैं। सूर्यकुमार ने जो दूसरी तस्वीर साझा की है उसमें वह तेज गेंदबाज आवेश खान, उमरान मलिक और वेंकटेश अय्यर के साथ बैठे दिख रहे हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने एकसाथ तस्वीर खिंचवाई है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई 5 मैचों की घरेलू टी20 सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ियों को तीन दिनों के लिए आराम दिया था। सभी खिलाड़ियों को 24 जून को आयरलैंड के लिए रवाना होना था पर युजवेंद्र चहल और ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ सहित कुछ खिलाड़ी पहले ही आयरलैंड रवाना हो गये थे। आयरलैंड के इस दौरे पर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की भी लंबे समय बाद टीम में वापसी हुई है। भारत और आयरलैंड के बीच पहला टी20 मैच 26 जून को खेला जाएगा जबकि दूसरा और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 28 जून को खेला जाएगा। इस दौरे पर बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी को पहली बार टीम इंडिया में अवसर मिला है।




बुडापेस्ट में महिलाओं की तैराकी स्पर्धा में खेलती हुई ब्राजीत टीम।

# रोहित के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे हुए

**मुंबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे हो गए हैं। रोहित ने इस अवसर पर दिये संदेश में प्यार और समर्थन के लिए अपने प्रशंसकों का आभार जताया है।

रोहित ने ट्विटर पर लिखा, सभी को नमस्कार, आज मैं भारत के लिए पदार्पण करने के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 15 साल पूरे कर रहा हूं। यह कैसा सफर रहा है, निश्चित रूप से जिसे मैं अपने पूरे जीवन के लिए संजोए रखूंगा। मैं बस उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिसका इस यात्रा का हिस्सा रहा हूं और उन लोगों के लिए विशेष धन्यवाद जिन्होंने मुझे वह खिलाड़ी बनने में मदद की जो मैं आज हूं। सभी क्रिकेट प्रेमियों, प्रशंसकों और आलोचकों के लिए टीम के लिए आपका प्यार और समर्थन ही है जो हमें उन बाधाओं से पार करने में मदद करता है। धन्यवाद।



गौरतलब है कि रोहित ने 23 जून 2007 को आयरलैंड के खिलाफ बेलफास्ट में भारतीय टीम की ओर से पहला एकदिवसीय खेला था हालांकि उस मैच में उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। इसके बाद सीमित ओवर के क्रिकेट में अपने आक्रामक अंदाज के कारण रोहित आगे बढ़ते गये। साल 2013 में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने के बाद उनके खेल में जबरदस्त बदलाव आया।

पारी की शुरुआत के बाद वह लगातार आगे बढ़त गये हैं। उन्होंने टेस्ट मैचों में तीन दोहरे शतक लगाए और ऐसा करने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज बने। शिखर धवन के साथ उनकी सलामी जोड़ी बेहद सफल रही। रोहित ने 230 वनडे मैचों में 48.60 की औसत से 9,283 रन बनाए हैं। प्रारूप में उनका उच्चतम स्कोर 264 है। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में 29 शतक और 44 अर्धशतक लगाए हैं।

व्यापार न्यूज

## जेट एयरवेज ने परिचालन नियुक्तियां शुरू कीं

**नई दिल्ली** । विमानन कंपनी जेट एयरवेज ने शुक्रवार को परिचालन नियुक्तियां शुरू कीं और अपने केबिन क्रू के पूर्व सदस्यों को एयरलाइन में लौटने को कहा। विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 मई को एयरलाइन को वाणिज्यिक हवाई परिचालन बहाल करने की इजाजत दी थी। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव कपूर ने ट्वीट किया कि हमारी परिचालन नियुक्तियां शुरू हो गई हैं जिसमें हमने जेट के पूर्व कर्मियों को वापस बुलाया है। आने वाले दिनों में पायलट और इंजीनियरों की नियुक्तियां शुरू करेंगे। एयरलाइन का वाणिज्यिक हवाई परिचालन जुलाई-सितंबर तिमाही में शुरू हो सकता है। फिलहाल एयरलाइन ने केवल महिला क्रू सदस्यों को ही वापस बुलाया है।

## सीबीआई ने रेवा के दिल्ली में पांच स्थानों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली** । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की एक पैकेजिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले में शुक्रवार को दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कंपनी के खिलाफ बैंकों के संघ से कथित तौर पर 69.33 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। इसमें बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी के वित्त में गंभीर अनियमितताएं हैं मसलन धन की हेराफेरी, बहीखातों में गड़बड़ी और जालसाजी तथा ऐसा करके कंपनी ने 2011 से 2016 के बीच बैंकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने कंपनी के पूर्व निदेशकों से जुड़े दिल्ली स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

## आईआईएफएल बांड से 5,000 करोड़ जुटाएगी

नई दिल्ली । आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड निजी नियोजन के आधार पर बांड जारी कर 5,000 करोड़ रुपये जुटाने पर ?विचार कर रही है। ।आईआईएफएल ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि बांड सार्वजनिक निर्गम के जरिये पेश किए जाएंगे। हालांकि, यह अभी नियामकीय और वैधानिक मंजूरी के अधीन है। कंपनी ने कहा कि आईआईएफएल के निदेशक मंडल ने 23 जून, 2022 को हुई अपनी बैठक में गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के माध्यम से पूंजी जुटाने को मंजूरी दी। कंपनी एक या इससे अधिक चरणों में 5,000 करो? रुपए के बांड जारी करेगी। आईआईएफएल फाइनेंस दरअसल एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो आवास ऋण, स्वर्ण ऋण और कारोबार के लिए कर्ज देती है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे चढ़कर 78.20 पर

**मुंबई** । कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के चलते रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से सुधार दर्ज करते हुए 12 पैसे मजबूत होकर 78.20 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 78.20 पर खुला जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है। शुरुआती सौदों में यह 78.19 के ऊंचे स्तर और 78.24 के निम्न स्तर तक गया। गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 78.32 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत गिरकर 104.26 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट करूड वायदा 0.21 प्रतिशत फिसलकर 109.82 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# मजबूती के साथ खुले शेयर बाजारः सेंसेक्स 600 अंक चढ़ा, निफ्टी 15,700 के पार

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख का अनुसरण करते हुए प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तेजी देखी गई। बीएसई सेंसेक्स ने शुक्रवार को 644 अंक की मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 644.15 अंक की बढ़त के साथ 52,909.87 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 192.6 अंक चढ़कर 15,749.25 पर आ गया। सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, डॉ. रेड्डीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, सियोल, हांगकांग और शंघाई मध्य सत्र के सौदों में हरे निशान में थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल सूचकांक ब्रेंट करूड 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.86 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पिछले सत्र में, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 443.19 अंक की ब?त के साथ 52,265.72 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 143.35 अंक चढ़कर 15,556.65 अंक पर बंद हुआ था।

कारोबार में शुरुआत से ही निवेशकों ने इंडसंड बैंक, ओएनजीसी, टाटा कंज्यूमर और अल्ट्राट्रेक सीमेंट जैसी कंपनियों के स्टॉक्स पर दांव लगाया जिससे ये शेयर टॉप गेनर की सूची में आ गए। इनमें 2.7 फीसदी तक उछाल दिख रहा है। आज के कारोबार में सभी सेक्टर्स में तेजी दिख रही है। सबसे ज्यादा उछाल बैंक, फाइनेंशियल, प्राइवेट बैंक और मीडिया के स्टॉक्स में दिख रहा है। इसके अलावा रियल्टी, ऑटो, आईटी, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टर में भी तेजी बनी हुई है। बाजार का पूरा सेंटिमेंट अभी पॉजिटिव दिख रहा है। डीसीएम श्रीराम के शेयरों ने दो फीसदी की बढ़त बनाई है। वहीं एशिया के ज्यादातर बाजार सुबह हरे निशान पर खुले और बढ़त बनाकर ट्रेडिंग कर रहे हैं। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर सुबह 0.54 फीसदी का उछाल दिख रहा जबकि जापान का निक्केई 0.65 फीसदी बढ़त पर ट्रेडिंग कर रहा है। इसके अलावा हांगकांग के शेयर बाजार में 1.26 फीसदी तो ताइवान के स्टॉक एक्सचेंज पर 1.03 फीसदी की बढ़त दिख रही है। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी शेयर बाजार 1.91 फीसदी के उछाल पर ट्रेडिंग कर रहा लेकिन चीन के शंघाई कंपोजिट पर 0.03 फीसदी की गिरावट दिख रही है।

# क्रिप्टोकरेंसी निवेशकों को 1 जुलाई से देना होगा एक फीसदी टीडीएस

**नई दिल्ली** । क्रिप्टोकरेंसी के निवेशकों को 1 जुलाई, 2022 से इसके हर लेनदेन पर एक फीसदी टीडीएस देना होगा चाहे वो मुनाफे में बेचा गया हो या नुकसान में। इसके बाद से क्रिप्टोकरेंसी में निवेश को लेकर उत्साह घटा है। टीडीएस लगने के बाद ये और घट सकता है। सरकार ने क्रिप्टोकरेंसी को मान्यता नहीं दी है लेकिन इस वर्ष 2022-23 से क्रिप्टोकरेंसी को होने वाली इनकम पर 30 फीसदी टैपिटल गेन टैक्स लगाने का फैसला किया है। अब एक जुलाई से क्रिप्टो के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस का भी भुगतान करना होगा। जो निवेशक क्रिप्टोकरेंसी को मुनाफे में नहीं भी बेचते हैं उन्हें भी टैक्स चुकाना होगा। ऐसे क्रिप्टो में निवेश करने वाले निवेशकों को एक फीसदी टीडीएस का भुगतान करना होगा जिससे सरकार क्रिप्टोकरेंसी में लेन-देन करने वालों के ठौर ठिकानों का पता लगा सके। क्रिप्टो को लाभ में बेचने पर 30 प्रतिशत का टैक्स देना होगा।




# बैंक यूनियनों की 27 जून को होने वाली हड़ताल टली

**मुंबई** । बैंक यूनियनों ने 27 जून सोमवार को अपनी मांगों को लेकर 27 जून को कामकाज ठप करने की योजना बनाई थी लेकिन इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) इन मांगों पर विचार करने के लिए तैयार है जिसके बाद हड़ताल को टाल दिया गया है। यूनियनों का कहना है कि वे अपनी मांगों पर बातचीत के लिए बैठेंगे और वार्ता के जरिए मामला सुलझाने पर ध्यान दिया जाएगा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीए) में 9 बैंकों के अलग-अलग यूनियन शामिल हैं जो हड़ताल करने वाले थे। हफ्ते में 5 दिन काम और पेंशन जैसी मांगों को लेकर हड़ताल बुलाई गई थी। बैंकों के कर्मचारी नेशनल पेंशन स्कीम को हटाकर ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल करना चाहते हैं। बातचीत के लिए आईबीए और बैंकिंग संगठनों के बीच एक समझौता हुआ है। समझौते के मुताबिक 1 जुलाई को बैंक संगठनों की अलग-अलग मांगों पर वार्ता होगी। इसकी जानकारी एआईबीईए के जनरल सेक्रेटरी सीएच वेंकटचलम ने दी और कहा कि मांगों को लेकर चीफ लेबर कमिश्नर की अध्यक्षता में वार्ता शुरू की जाएगी। बैंक संगठनों और यूनियनों ने सभी पेंशनर्स के पेंशन में बदलाव करने की मांग की है। बैंकों का संगठन नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) में शामिल नहीं होना चाहता और ये ओल्ड पेंशन स्कीम में फिर से बहाल होना चाहते हैं। संगठनों की मांग है कि सभी बैंकिंग कर्मचारियों को पुराने पेंशन सिस्टम से पेंशन दी जाए और एनपीएस को खत्म कर दिया जाए। बैंकों में काम करने वाले कर्मचारी हफ्ते में 5 दिन काम और दो दिन की छुट्टी चाहते हैं। इस बात को लेकर भी पहले से विरोध चल रहा है।




## रिलीज हुआ जरीन खान की फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले का ट्रेलर

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जरीन खान आने वाले दिनों में कई प्रोजेक्ट में नजर आने वाली है। उनकी अगली फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री जरीन खान के साथ



अंशुमान झा भी मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। हम भी अकेले तुम भी अकेले फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है लेकिन इससे पहले मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया है। हम भी अकेले तुम भी अकेले के ट्रेलर देखने में काफी हद तक शानदार है और लोग इस फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद अब इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों की होती है, जो एक दूसरे के साथ ट्रिप पर जाते हैं। हालांकि अभिनेत्री जरीन खान के किरदार का नाम मानसी और अंशुमान के किरदार का नाम वीर होता है। अभिनेता अंशुमान झा जहां फिल्म में में एक गे के रोल में नजर आते हैं वहीं अभिनेत्री जरीन खान इस फिल्म में एक लैसबियन के रोल में दिखाई देती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले की कहानी एलजीबीटी कम्युनिटी पर आधारित है। जिसमें मेकर्स का मकसद ये एलजीबीटी कम्युनिटी के प्यार और उनकी दोस्ती के एहसास को देश की जनता के सामने पेश करने का है। जिससे लोग उनकी भी फिलिंग्स को समझ सके। फिल्म में अंशुमान और एक दूसरे के साथ खुलकर मस्ती करते हुए नजर आते हैं।







# अब हिंदी में भी 'दृश्यम 2' करेगी धमाल, क्या फिर से अजय देवगन चलाएंगे जादू?

मलयालम हिट फिल्म 'दृश्यम 2' का खुमार फैंस के सिर पर अभी तक चढ़ कर बोल रहा है. अब फैंस को फिल्म से जुड़ी एक और खुशखबरी सुनने को मिल गई है. अपार सफलता के बाद अब हिंदी में 'दृश्यम 2' बनाने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी गई है. इस बात की जानकारी दी गई है कि फिल्म के हिंदी के राइट्स खरीद लिए गए हैं.



फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से इस बात की जानकारी दी है. इस बात की जानकारी दी गई है कि कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक की प्रोडक्शन हाउस 'पनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल' ने 'दृश्यम 2' के रीमेक के राइट्स खरीद लिये हैं. आपको बता दें कि जल्द ही फिल्म के डॉयरेक्टर और उसके स्टार कास्ट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर सकते हैं. हालांकि अभी ये साफ नहीं हुआ है कि फिल्म अब कौन कौन से स्टार्स नजर आएंगे। पनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के कुमार मंगत पाठक का कहना है कि हमारा फर्ज बनता है कि हम भी फिल्म को उसी शानदार तरीके से पेश करें.जबति मलयालम फिल्म 'दृश्यम 2' के प्रोड्यूसर एंटनी पेरुम्बवूर ने कहा कि मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि फिल्म कई दूसरे भाषाओं में यह फिल्म बनने जा रही है. आपको बता दें कि 2015 में दृश्यम रिलीज हुई थी. इस फिल्म अजय देवगन और तब्बू लीड रोल में नजर आए थे।

## फरहान अख्तर की फिल्म 'तूफान' की रिलीज टली



बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी रिलीज को तैयार फिल्म 'तूफान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. ऐसे में अब एक्टर की इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. खबर है, कि इस फिल्म की रिलीज को कुछ दिनों के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है. फिल्म की टीम ने ये फैसला कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लिया है. फिल्म की टीम ने इसके लिए एक अधिकारिक पोस्ट किया है. इस फिल्म के डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा जाने माने फिल्म निर्माताओं में से एक हैं. उन्होंने भी इस फिल्म को लेकर हुए इस फैसले पर अपनी सहमती जताई है. फरहान पिछले साल से ही इस फिल्म की तैयारी कर रहे थे. जहां उन्होंने हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग को पूरा किया था. लेकिन अब कोरोना काल में बढ़ते केसेस को देखते हुए फिल्म की टीम ने इस फैसले को सही बताते हुए फिल्म की रिलीज को रोक दिया है. फिल्म की टीम ने कहा है कि लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए हमने अपने सारे इम्प्लोयीस और उनके परिवार की सेहत का ख्याल रखते हुए अपनी तूफान की रिलीज को पोस्टपोन कर दिया है. इस फिल्म को अब हम तब रिलीज करेंगे जब ये कोरोना की स्थिति बिलकुल सही हो जाएंगी. वहीं इस पोस्ट में लोगों से वैक्सीन लगवाने का भी अनुरोध किया गया है. फिल्म की टीम ने कहा है कि सभी भारतवासी जल्द से जल्द अपनी वैक्सीन लगवालें।

# रणबीर कपूर के साथ एनिमल में नजर आएंगी परिणीति चोपड़ा



बॉलीवुड की अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिसका तैयारियां में अभिनेत्री इन दिनों लगी हुई है। अब इसी बीच अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि, अब भारत में कंटेंट का लैंडस्केप हमेशा के लिए बदल गया है। पिछले काफी समय से कोरोना वायरस महामारी का कहर बॉलीवुड फिल्म पड़ने के बाद परिणीति चोपड़ा को लगता है कि इस महामारी ने भारत में कंटेंट का लैंडस्केप को हमेशा के लिए बदल कर रख दिया है। अब ऑडियंस दमदार कंटेट को देखना पसंद करते हैं और असल जिंदगी पर आधारित कंटेंट का चुनाव करते है। घटिया सब्जेक्ट को दर्शकों द्वारा खारिज कर दिया जाता है। परिणीति चोपड़ा का कहना है कि, आज दुनिया भर में तैयार होने वाले ब्रेकिंग तक दर्शकों की पहुंच हो गई है। कलाकार और फिल्म निर्माताओं को ये बात ध्यान में रखनी होगी। अभिनेत्री ने कहा कि, आज दर्शकों की पसंद काफी बदल चुकी है। पहले के मुकाबले में काफी बदलाव आया है। अभिनेत्री ने अपनी अगली फिल्म पर बात करते हुए कहा कि, उनकी अगली आने वाली फिल्म एनिमल है। जिसकी कहानी काफी दमदार है। परिणीति चोपड़ा ने दावा किया है कि उनकी इस फिल्म की कहानी दर्शकों को पसंद आएगी।

# आम की बहार, जानिए आम खाने के 10 बड़े फायदे



इन दिनों आम की बहार है। रसीले पके आम अत्यंत स्वादिष्ट लगते हैं। गर्मियों में इनकी आवक के साथ ही घर-घर में आम के व्यंजन बनने लगते हैं। आम का रस, आम की चटनी, आम के पापड़... और सबसे अच्छा तो इसे यूं ही काट कर खाना माना जाता है। आइए जानते हैं इसके 10 ऐसे फायदे जो आपको अचरज में डाल देंगे।

1. पका आम बहुत ही पौष्टिक होता है। इसमें प्रोटीन, विटामिन व खनिज पदार्थ, कार्बोहाइड्रेट तथा शर्करा विपुल मात्रा में होते हैं।
2. कोलेस्ट्रॉल नियमित रखने के मामले में आम में फाइबर और विटामिन सी होता है जिससे बैड कोलेस्ट्रॉल संतुलन बनाने में मदद मिलती है।
3. अगर रोगों से बचना है तो शरीर में इम्यून सिस्टम का मजबूत होना बहुत जरूरी है और आम रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम करता है इसलिए आम को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।
4. आम का सेवन करने से आप पेट व पाचन संबंधी परेशानियों से बच सकते हैं। इसमें लैक्सेटिव यानी पेट को साफ करने का गुण होता है, साथ ही इससे कब्ज की समस्या से भी आराम मिलता है।
5. यूनानी डॉक्टरों के मतानुसार पका आम आलस्य दूर करता है, मूत्र साफ लाता है, क्षयरोग (टी.बी.) मिटाता है तथा गुर्दे व मूत्राशय के लिए शक्तिदायक है।
6. आम में विटामिन ए होता है, जो आपकी आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आम के सेवन से आंखों की रोशनी अच्छी होती है।
7. आम मीठा, चिकना, शौच साफ लानेवाला, तृप्तिदायक, हृदय को बलप्रद, वीर्य की शुद्धि तथा वृद्धि करनेवाला है। यह वायु व पित्त नाशक परंतु कफकारक है तथा कांतिवर्धक, रक्त की शुद्धि करनेवाला एवं भूख बढ़ानेवाला है। इसके नियमित सेवन से रोगप्रतिकारक शक्ति बढ़ती है।
8. अगर आप अपनी त्वचा में निखार लाना चाहते हैं तो आम इसके लिए बहुत उपयोगी है। आम का फेस पैक चेहरे पर चमक लाने के लिए बहुत कारगर है।
9. शुक्रप्रमेह आदि विकारों के कारण जिनको संतानोत्पत्ति न होती हो, उनके लिए पका आम लाभकारक है। कलमी आम की अपेक्षा देशी आम जल्दी पचनेवाला, त्रिदोषशामक व विशेष गुणयुक्त है। रेशासहित, मीठा, पतली या छोटी गुठलीवाला आम उत्तम माना जाता है।
10. यह आमाशय, यकृत, फेफड़ों के रोग तथा अल्सर, रक्ताल्पता आदि में लाभ पहुंचाता है। इसके सेवन से रक्त, मांस आदि सप्तधातुओं तथा वसा की वृद्धि और हड्डियों का पोषण होता है।



# क्या भोग, योग (ध्यान) भोजन एकाकी हैं या सामूहिक?

प्राचीन साहित्य में इस बात का उल्लेख हैं की मानव संस्कृति जितनी अविकसित थी उतनी मानवीय संस्कारों से ओत प्रोत थी. आज से पचास साल पहले हमारे बस्तर में लोगों में प्रकृति से प्रेम होता था और उसके नजदीक रहते थे.प्रसन्न थे ,शांत चित्त थे, और अपनी मस्ती में जिए। ज्यों ज्यों सरकारी प्रयास उनकी उन्नति, विकास के बढ़े उतने उतने वे प्रकृति से विकृति की और पहुंचने लगे और आज इतनी अधिक कृतिमता होने से वे विकसित समाज से अधिक कुंठित होते चले जा रहे हैं. उनमे आधुनिकता का स्वाद नहीं लगा था तब तक ठीक थे अब वे उतने परेशान हैं जितने हम कारण उनने उनका स्वाद नहीं चखा था तब तक। उनमे सादगी, सरलता और प्रसन्नता अलग झलकती थी। न उनके पास घर, न कपड़ा, न अधिक संग्रह था और न तनाव। वहां किसी को आत्महत्या करने का या तलाक का प्रकरण नहीं सुनने मिलता था और अब कुछ कुछ होता हैं! आधुनिक समाज में हम जितने विकसित हुए उतने हम कुंठित, परस्पर स्पर्धा, धन की दौड़ और पद प्रतिष्ठा की चाह ने हमें दुखी ज्यादा बनाया और दुःख ने हमें शांति की चाह में यहाँ वहां भटकने को मजबूर किया। आज हम दूसरे की चिंता में अधिक दुखी हैं, दूसरे के सुख से हम दुखी हैं। अधिक शिक्षा ने हमें शिक्षित बनाया पर ज्ञानवान नहीं। ज्ञान सबसे अधिक दुर्लभ हैं, शिक्षा एक प्रकार का सूचना पाने का माध्यम हैं, सूचना पाना अधिक सरल और ज्ञान पाना या ज्ञानी होना कठिन। भोजन करना सूचना और पाचन होना ज्ञान। तो हम शिक्षित हो गए पर अज्ञानी होते जा रहे हैं इसी कारण हम दुखी होते रहते हैं। ज्ञान हमको क्षीर नीर का भेद सिखाता हैं। आधुनिक परिवेश में या वर्तमान में हम इतने अधिक कम्वख्त यानि वक़्त कम होने से अपना भोजन के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं जबकि अर्थ का मूल्य मात्र भोजन कमाना रहता हैं विशेष तौर पर उसके बाद सुख सामग्री का संग्रह करना.पर आज भोजन के लिए समय नहीं हैं, कोई कोई व्यापारी /अफसर /नौकर कहते हैं भाई हमें तो पेशाब करने की फुर्सत नहीं हैं ! भोजन के लिए ही जीवन संघर्ष करने के बाद फिर अस्तित्व की लड़ाई लड़ी जाती हैं जैसे हमारे नेता, अभिनेता, धनपति,। इस दौरान उनकी जिंदगी इतनी उथल पुथल वाली हो जाती हैं की उनको शारीरिक, मानसिक बीमारियां घेर लेती हैं। आजकल भोजन का चलन समूह /कैंटीन /होटल में होने से उनको सुखद अनुभिति नहीं होती। वैसे हमें आहार की जरुरत होती हैं। आहार शब्द खुद अपनी व्याख्या करता है जो आरोग्य वर्धक और हानि रहित हो वो आहार पर हम भोजन करते हैं यानि भोग से हम जल्दी नष्ट होते हैं। आहार हमारा सात्विक होना चाहिए पर कैंटीन। होटल या समूह में अधिकता राजसिक और तामसिक की होती हैं। और उच्च कुलीन संस्कृति तो मांस, मछली अंडा और शराब को आम माना जाता हैं जिसने इनका उपयोग नहीं किया वह तिरस्कृत माना जाता हैं। पर इनके उपयोग से मानसिक और शारीरिक कष्ट मिलना शुरू हो जाते हैं शीघ्रता से बनिस्बत सात्विक के। भोग का आजकल चलन इतना अधिक हो गया हैं की ये सब मर्यादा के बाहर हो गया। आजकल भोग का चलन समूह में /सार्वजनिक हो गया। अब इनको कोई अकेले में नहीं करना चाहता। इनका प्रदर्शन सडकों में, सिनेमा में, बाग़, बगीचों में, कॉलेज स्कूल में सामान्य हैं उसके अलावा टी वी,सिनेमा तो इनके जनक हैं। इनको अब कोई बुरा नहीं मानता. घर में माँ बाप, बेटा बहु, भाई भाभी, बेटी दामाद में किसी की कोई शर्म नहीं हैं।

# कश्मीरियत की अग्नि परीक्षा

मुकेश तिवारी

धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर मे विभाजन कारी एवं विवादित अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए निष्प्रभावी होने के बाद मोदी सरकार सबसे अहम काम जम्मू कश्मीर को अन्य राज्यों की तरह मुख्यधारा में शामिल करने का किया केंद्र सरकार के इस कदम ने घाटी के हालात तेजी से बदल के रख दिए थे, 5 अगस्त 2019 कोअनुच्छेद 370 निष्प्रभावी होने के पश्चात घाटी की सड़कों पर आए दिन होने वाली निरपराध लोगों की हत्या पर विराम लग गया था,यही?नहीजम्मू और कश्मीर में प्रशासन की लोगों तक पहुंच बढ़ी थी , साथ ही राज्य के आवाम को नए आत्मविश्वास से लबरेज भी कर दिया था ,विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासन ने काफी उम्दा काम किया वास्तविकता यह है किपिछले ढाई साल से भी ज्यादा समय में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के चलते निरपराध कश्मीरी मारा नहीं गया ,कड़वा सच तो यह है कि अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी होने के पश्चात ही जम्मू-कश्मीर की तस्वीर काफी तेजी से बदलना शुरू हो गई थी जिस तेजी से घाटी में स्थितियां सामान हुई थी उसी तेजी से बीते कुछ समय से कुछ नकारात्मक तत्वों के कारण घाटी के हालात पुनः बिगड़ना शुरू हो गए इसका अंदाज इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों मैं रत प्रतिभाशाली छात्र राह भटक कर आतंकी गतिविधियों में बढ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इन तथ्यों का खुलासा बीते दिनों सुरक्षा एजेंसियों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए चारों आतंकियों की पहचान के बाद हुई तफ्तीश मैं हुआ था ,मौजूदा हालात नेसुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा कर रख दी है उधर माता-पिता भी आपने प्रतिभाशाली बच्चो के अपराधिक दुनिया में कदम रखने से उनके भविष्य को ग्रहण लगता दे ख खासहैरान परेशान है, दरअसल में 2019 मैं अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी किए जाने के पश्चात जून 2020 से घाटी की स्थितियां बिगड़नाप्रारंभ हो गई थी गंभीरता से पुनः आकलन की जरूरत महसूस होने लगी थी ,कश्मीर में बीते कुछ महीनों में आतंकवादियों द्वारा अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने के मकसद से एक जाति विशेष के निरपराध लोगों को लक्षित करके उनकी हत्या किए जाने से खौफ का वातावरण बन गया है कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हत्या की घटनाएं भले ही पहली बार नहीं हो रही हो फिर भी जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे के समाप्त होने तथा उसके सीधे केंद्र के नियंत्रण में आने के पश्चात से और खासकर पिछले छह महीनों में ऐसी वारदात तेजी से बढ़ी है इससे भी महत्वपूर्ण है कि ऐसी लक्षित हत्याओं के निशाने पर पहली बार बाहर से आए कामगार ही नहीं कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर शुरू की गई विशेष योजना के अंतर्गत घाटी में विभिन्न स्थानों पर तैनात किए गए करीब 5000 कर्मचारी तथा हिंदू शिक्षक भी है ,स्वाभाविक रूप से ऐसी घटनाओं से गैर स्थानी य लोग तथा कश्मीरी पंडित व अन्य हिंदुओं में दहशत बढ़ती जा रही है इसके साथ ही हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए भले ही खीर भवानी मेले में कश्मीरी मुस्लिमों और पंडितों के मध्य एकजुटता की कसमें खाई गई हो ,मगर आए दिन मारे जा रहे कश्मीरी पंडितों की शव यात्रा में कश्मीरी मुसलमान संख्या में सबसे ज्यादा और सबसे आगे खड़े दिखाई देते हो लेकिन असलियत यह है कि कश्मीर का बाशिंदा टारगेट किलिंग की घटनाओं को लेकर



चुप्पी साधे हुए हैं,वह अब भी उसी तरह चुप्पी साधे हुए है, जैसी कि 1990 में सादे हुए था कश्मीर में अल्पसंख्यकों के साथ जो घटित हो रहा है उसके लिए समाज के एक बड़े हिस्से के मोन समर्थकनको भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए यह सब अकारण भी नहीं है इसकी खास वजह है और कई कारण भी जो कश्मीरी पंडित वर्षों से कश्मीर में रह रहे हैं और जिन्होंने 90 के दौर में भी?घाटीमै?बने अपने पुश्तैनी आवास को नहीं छोड़ा था उनकी शिकायत यह है कि सरकार ने कश्मीर में लौटे पंडितों के लिए तो सुविधाओं और रियायतोका अंबार लगा दिया ,लेकिन उनकी सुध नहीं ली ,जम्मू कश्मीर का जो बहु संख्य क तब का है उसके मध्य -बड़ेपैमाने पर य हआम धारणा बनाई गई है कि 2019 के पश्चात विभाजन कारी एवं विवादित अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के पश्चात उनका रक्षा कवच खो गया है और कश्मीरी पंडितों को मिल रही तमाम तरह की सहूलियत और प्राथमिकता के चलते आने वाले वक्त में उनकी सामाजिक, आर्थिक ,और राजनीतिक हैसियत के लिए नकारात्मक साबित होंगी अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के बाद जम्मू-कश्मीर में मूल निवासी प्रमाण पत्र जारी होने, भूमि स्वामित्व अधिकारों में संशोधन ,कश्मीरी पंडितों के लिए संपत्ति से संबंधित मुद्दों के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल और विशेष रूप से परिसीमन को जनसंख्या गत बदलाव लाकर कश्मीरी पहचान को समाप्त करने की लंबी योजना के रूप में देखा गया है ,हालांकि यह सब कदम सुधारात्मक है और असंतुलन को ध्वस्त करने के मकसद से उठाए गए हैं लेकिन अलगाववादी समूह के साथ-साथ कश्मीरी मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने भी इसे भारी तत्वों के कश्मीरी मामले में अनावश्यक दखल के रूप में प्रचारित किया है क्यों से आने वाले समय में उनकी सामाजिक आर्थिक राजनीतिक हैसियत के लिए नकारात्मक साबित होगी अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी होने के बाद मूल निवासी प्रमाण हालांकि यह सब बात कहने में थोड़ी अटपटे लगती हो लेकिन कश्मीरी पंडितों को भी अब पूरी जनता के साथ 1990 में पलायन के दौर में भी 800 से ज्यादा ऐसे कश्मीरी पंडित परिवार थे जिन्होंने जम्मू-कश्मीर से पलायन नहीं किया था ,उन परिवारों ने पिछले 3 दशकों में काफी परेशानी झेली लेकिन वह यह भी जानते थे कि अपनी धरा को छोड़ना कोई विकल्प नहीं है क्योंकि उनके सभी शुभचिंतक उनके साथ वहीं पर हैं ,सबके एक दूसरे के साथ बहुत अच्छे ताल्लुकात हैं और यदि वे पलायन करते हैं तो वे सब हमेशा के लिए छूट जाएंगे ,बेशक खौफ का माहौल है लेकिन यह सब के लिए है यहां तक कि मुस्लिम परिवारों के लिए भी बल्कि उनके लिए तो और ज्यादा है क्योंकि कई बार तो उन्हें आतंकवादी और सुरक्षा बल दोनों के क्रोध का सामना करना पड़ता है, बेशक इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति बीते कुछ समय से खराब हो गई है।

## विराट सत्ता की झांकी

ईश्वर चेतना निराकार है। साकार तो उसका कलेवर भर दिखता है। ईश्वर का दृश्य स्वरूप यह विराट ब्रह्माण्ड है। अर्जुन, यशोदा, कौशल्या आदि का मन ईश्वर दर्शन के लिए व्याकुल हुआ तो उन्हें इसी रूप में दिव्य दर्शन कराये गये। इसके लिए दिव्य नेत्र दिये गये। कारण, स्थूल दृष्टि से विराट विश्व को नहीं देखा जा सकता। जिन्हें पूर्व कथानकों के अनुरूप दर्शन ही भक्ति भावना का सफलता का आधार दिखाई पड़ता है, उनके लिए प्रतिमा-प्रतीकों का निर्धारण किया गया है। व्यापक चेतना की सत्ता तो सभी प्राणियों में समान रूप से विद्यमान है। मात्र शरीरधारी आकार ही चाहिए तो फिर भगवान की आकृति किसी भी प्राणी के रूप में हो सकती है पर यह परिकल्पना रास नहीं आती और मनुष्य शरीर का अभ्यास होने के कारण अधिक मनभावन प्रतीत होता है। इसलिए प्रतिमाओं में मनुष्याकृति को ही प्रमुखता दी गयी है। यों तत्त्वदर्शियों ने मछली, वाराह, नृसिंह आदि को भी भगवान के अवतार बताकर प्राणी मात्र में दिव्य सत्ता का दर्शन करने का संकेत किया है, पर वह प्रतीक सब में प्रतिष्ठत न हो सका। चित्रों, प्रतिमाओं में देवी-देवताओं के वाहन पशु-पक्षी हैं पर उन्हें सेवक भर की मान्यता मिल सकी। यद्यपि निर्धारण कर्ताओं का अभिप्राय यही था कि प्राणी मात्र में ईश्वर की झांकी की जाए और उनके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाए जैसा दिव्य संरचना के हर घटक के साथ किया जाना उचित है। शिव का नंदी, सरस्वती का हंस, लक्ष्मी का हाथी, दुर्गा का सिंह प्राय÷ चित्रण में आते हैं। जब उच्च स्तरीय संवेदना उभरती है, तो अपने ही अंतराल से भगवान का आंशिक अवतरण हुआ समझा जा सकता है।

## संपत्ति का नुकसान

सिद्धार्थ शंकर

अग्निपथ योजना पर देश के कई हिस्सों में भारी बवाल मचा है। इसमें ट्रेनों को सबसे ज्यादा निशाना बनाया गया। इससे रेलवे की संपत्ति और यात्रियों के रिफंड को मिलाकर कुल एक हजार करोड़ से ज्यादा के नुकसान की आशंका है। यही नहीं, 12 लाख लोगों को यात्रा रद्द करनी पड़ी। 922 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द हुईं। 120 मेल ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द हुईं। डेढ़ लाख यात्रियों को बीच रास्ते में ट्रेन छोडनी पड़ी। करीब 70 करोड़ रुपए का यात्रियों को रिफंड दिया गया। पूर्व मध्य रेल जोन को 241 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ। जिस सार्वजनिक संपत्ति को प्रदर्शनकारियों द्वारा अंधाधुंध निशाना बनाया जा रहा है, उसमें करोड़ों करदाताओं की गाढ़ी कमाई लगी हुई है। मेल एक्सप्रेस 24 कोच की होती है। इंजन 12 करोड़ रुपए का है। एसी कोच ढाई करोड़, स्लीपर जनरल कोच 2 करोड़ रुपए का होता है। एक ट्रेन 30 करोड़ रुपए की पड़ती है। विरोध में 21 ट्रेनें अलग-अलग जगह जलाई गईं। सेना के तीनों अंगों में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में जैसी भीषण और राष्ट्रघाती अराजकता हो रही है, वह न केवल चिंताजनक है, बल्कि शर्मनाक भी। यह अकल्पनीय है कि जो युवा सेना में जाकर देश की सेवा करने के आकांक्षी हैं, वे ट्रेनों एवं बसों को जला रहे हैं, पुलिस चौकियों पर हमले कर रहे हैं और अन्य सरकारी तथा गैर सरकारी संपत्ति को ऐसे नष्ट कर रहे हैं, जैसे वह शत्रु देश की हो। ऐसा लगता है कि सड़कों पर उतरकर अराजकता का परिचय दे रहे युवा मानसिक रूप से उसी दौर में जी रहे हैं, जब देश अंग्रेजों के अधीन था और स्वतंत्रता आंदोलन के तहत अंग्रेजी सत्ता की संपत्ति को निशाना बनाया जाता था। क्या सड़कों पर उत्पात मचा रहे युवा यह नहीं जानते कि वे अपनी अराजक हरकतों और हिंसक व्यवहार से राष्ट्र की संपत्ति के साथ-साथ आम लोगों का भी नुकसान कर रहे हैं? आखिर इस नुकसान की भरपाई जनता के पैसे से ही तो होगी। लगता है कि उपद्रवी तत्व यह जानने-समझने को तैयार नहीं कि वे सरकारी संपत्ति को नष्ट करके करदाताओं की



गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहे हैं। कहीं उनकी बेपरवाही का कारण यह तो नहीं कि वे न तो टैक्स देते हैं और न ही यह समझते हैं कि लोगों के टैक्स से ही देश चलता है? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि सरकारी संपदा को स्वाहा कर रहे युवा न तो संयम का परिचय देना जानते हैं और न ही विवेक का। आखिर ऐसे उत्पाती युवाओं को सेना में क्यों शामिल होने देना चाहिए? वे जिस तरह पेंशन की चिंता कर रहे हैं, उससे देश सेवा के उनके जज्बे पर प्रश्नचिह्न ही लगता है। आवश्यक केवल यह नहीं है कि उत्पात मचा रहे युवाओं से सख्ती से निपटा जाए, बल्कि यह भी है कि सरकारी अथवा निजी संपत्ति को जो नुकसान पहुंचाया जा रहा है, उसकी भरपाई भी उनसे की जाए। उन्हें उकसा रहे तत्वों के खिलाफ भी सख्ती बरतनी होगी, क्योंकि यह साफ दिख रहा है कि कुछ स्वार्थी तत्व उन्हें भड़का रहे हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि रेलवे ऐसे नियम बनाने जा रहा है, जिससे उसकी संपत्ति नष्ट करने वालों को जवाबदेह बनाया जा सके। इस तरह के कुछ नियम पहले से बने हुए हैं, लेकिन उन पर सही तरह से अमल नहीं हो रहा है। वास्तव में इसी कारण विरोध के बहाने अराजकता बढ़ती जा रही है। इस अराजकता से सख्ती से नहीं निपटा गया तो आगे भी ऐसा होता दिखेगा। कुछ वर्षों से देश में नागरिक अधिकारों व प्रजातंत्र के नाम पर ऐसे व्यवहार का प्रदर्शन किया जाने लगा है कि एकबारगी यह समझ पाना मुश्किल हो जाता है कि इसे राष्ट्रहित कहें या फिर राष्ट्रद्रोह। देखा जाए तो शुरुआती दौर में सरकारी संपत्ति के नुकसान का श्रेय भी हमारी राजनीतिक संस्कृति को ही जाता है। तब इसे इतनी गंभीरता से नही लिया गया। लेकिन धीरे धीरे इसे अपने विरोध का एक कारगर तरीका ही बना दिया गया। आज स्थिति यह है कि किसी मुहल्ले मे बिजली की परेशानी हो या फिर पानी की समस्या, देखते देखते लोग सड़क जाम कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं। पुलिस के थोड़ा भी बल प्रयोग या विरोध से यह प्रदर्शन आगजनी व तोडफ़ोड़ के हिंसक प्रदर्शन में बदल जाता है। सब कुछ शांत हो जाने पर इस भीडतंत्र का कुछ नहीं बिगड़ता। मगर लाखों-करोड़ों रुपए का नुकसान देश को भोगना पड़ता है।

# आज की सबसे बड़ी चिन्ता परमाणु हथियार की यह विश्व स्पर्ध्दा क्यों....?







ओमप्रकाश मेहता

क्या विश्व अब विनाश की ओर अग्रसर है? आज जिस तरह विश्व के देशों में परमाणु हथियार एकत्र करने की जो स्पर्द्धा चल रही है, उससे तो यही लगता है? आज भारत सहित विश्व के नौ देशों के पास परमाणु शस्त्रागार है, शीत युद्ध के बाद से यह स्पर्द्धा काफी बढ़ गई है, यदि सही सिलसिला आगे भी जारी रहा और परमाणु शास्त्रागारों में इजाफा होता रहा तो फिर विश्व की जिन्दगी कितने दिन की? किसी भी दिन कोई भी देश अपने परमाणु हथियारों का उपयोग छोटे-छोटे विवादों में ही बिना सोचे-समझे करने लगेगा तक विश्व का भविष्य क्या होगा? क्या इन देशों को यह पता भी है कि परमाणु हथियार कितने व्यापक रूप से घातक और विध्वंसक होते है? और.... इनके उपयोग पर क्या हश्र होता है?

हाल ही में स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट (सिपरी) थिंक टैंक ने अपने ईयर बुक 2022 के निष्कर्षो में यह गंभीर चेतावनी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण व युक्रेन के लिए पश्चिमी समर्थन ने दुनिया के परमाणु हथियारों से लैस देशों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। हथियारों, निरस्तीकरण, और अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर थिंक टैंक ने कहा है कि जहां एक वर्ष में परमाणु हथियारों की संख्या में थोड़ी गिरावट आई है, वहीं परमाणु शक्तियों द्वारा तत्काल कार्यवाकही नहीं की जाती है तो हथियारों की वैश्विक सूची अगले दशक में पहली बार बढ़ना शुरू हो सकती है। परमाणु हथियार सम्पन्न



नौ देशों अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, इजराईल और उत्तर कोरिया ने परमाणु शास्त्रागार का आधुनिकीकरण करना जारी रखा है, भारत के पास पिछले साल के 156 की तुलना में 2022 में 160 परमाणु हथियार हो गए है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व के कुछ मौजूदा परमाणु हथियारों का 90 फीसदी हिस्सा दो देशों रूस और अमेरिका के पास है। पिछले दिनों यूक्रेन पर रूस के विशेष सैना अभियान में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने परमाणु हथियारों को हाई अलर्ट पर रखा था, रास्ते में खड़े देशों को हस्तक्षेप की स्थिति में युक्रेन जैसी ही स्थिति करने की धमकी भी दी थी, जो उन्होंने अब तक के अपने इतिहास में कभी नही दी होगी, रूस के पास दुनिया का सबसे बड़ा शास्त्रागार है। रूस और अमेरिका के पास कुल वैश्विक परमाणु हथियारों का 90 फीसदी से भी अधिक हिस्सा है। थिंक टैंक सीपरी ने अपनी इसी रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया है कि अमेरिका व रूस के अलाव सात देश नई हथियार प्रणाली विकसित कर रहे है, या ऐसा इरादा जता चुके है। उपग्रह छवियों से संकेत मिला है कि चीन 300 से अधिक मिसाईल साईलों का निर्माण कर रहा है। वैसे रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जनवरी 2022 में परमाणु हथियारों की वैश्विक संख्या 375 गिरकर 12 हजार 705 हो गई, जो जनवरी 22 से पहले 13080 थी, इनमें 3732 हथियार मिसाइलों और विमानों के साथ तैनात किए गए है।

थिंक टैंक सीपरी की इस ताजा रिपोर्ट के अनुसार इस समय विश्व के नौ देशों के पास परमाणु हथियारों का जखीरा है, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि किस देश के पास कितने परमाणु हथियार है, रिपोर्ट के अनुसार रूस के पास 5977, अमेरिका के पास 5428, चीन के पास 350, फ्रांस के पास 290, ब्रिटेन के पास 225, पाकिस्तान के पास 135, भारत के पास 160, इजराइल के पास 90 तथा उत्तर कोरिया के पास 20, इस तरह कुल मिलाकर विश्व में आज इन नौ देशों के पास 12705 (बारह हजार सात सौ पांच) परमाणु हथियार है और इन्हीं के बलबूते पर हर देश अपने आपको सर्व शक्तिमान मान रहा है, किसी भी देश को इन हथियारों से होने वाले विध्वंस का भय नही है।

जबकि आज से करीब सत्तर साल पहले स्व. राष्ट्र कवि प्रदीप जी ने फिल्म जाग्रति के एक चेतावनी भरे गीत में लिख दिया था।

## ब्रिक्स : भारत का मध्यम मार्ग

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

'ब्रिक्स' याने ब्राजील, एशिया, इंडिया, चाइना और साउथ अफ्रीका! इन देशों के नाम के पहले अक्षरों को जोड़कर इस अंतरराष्ट्रीय संगठन का नाम रखा गया है। इसका 14 वाँ शिखर सम्मेलन इस बार पेइचिंग में हुआ, क्योंकि आजकल चीन इसका अध्यक्ष है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन नहीं गए लेकिन इसमें उन्होंने दिल्ली में बैठे-बैठे ही भाग लिया। उनके चीन नहीं जाने का कारण बताने की जरुरत नहीं है, हालांकि गलवान-विवाद के बावजूद चीन-भारत व्यापार में इधर काफी वृद्धि हुई है। ब्रिक्स के इस संगठन में भारत अकेला ऐसा राष्ट्र है, जो दोनों महाशक्तियों के नए गठबंधनों का सदस्य हैं। भारत उस चौगुटे का सदस्य है, जिसमें अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया भी सम्मिलत हैं और उस नए चौगुटे का भी सदस्य है, जिसमें अमेरिका, इस्राइल और संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) सदस्य हैं। चीन खुले-आम कहता है कि ये दोनों गुट शीतयुद्ध-मानसिकता के प्रतीक हैं। ये अमेरिका ने इसलिए बनाए हैं कि उसे चीन और रूस के खिलाफ जगह-जगह मोर्चे खड़े करने हैं। यह बात चीनी नेता शी चिन फिंग ने ब्रिक्स के इस शिखर सम्मेलन में भी दोहराई है।




# भगवान कृष्ण के तीनों स्वरुपों की होती है पूजा



हिन्दू पंचांग का अंतिम महीना फाल्गुन मास का होता है। इस महीने की पूर्णिमा को फाल्गुनी नक्षत्र के रूप में देखा जाता है। इसलिए इस महीने का नाम फाल्गुन मास रखा गया है। फाल्गुन मास में भगवान कृष्ण की विशेष पूजा की जाती है। इस महीने उनकों पीले फूल अर्पण करने से निसंतानों को संतान की प्राप्ति होती है। आप इसी महीने में कृष्ण के तीनों स्वरूपों, %बाल कृष्ण, युवा कृष्ण और गुरु कृष्ण% की पूजा की जा सकती है। ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति के लिए गुरु कृष्ण की पूजा अत्यंत लाभकारी है।

## करे यें महाउपाय

फाल्गुन मास में सूर्य उदय होने से पहले उठे और अपने स्नान के जल में एक चम्मच गुलाबजल मिलाकर स्नान करें। आप भोजपत्र को अपने पूजन स्थल में रखकर एक दीया जलायें और गायत्री मंत्र का 3 माला जाप करें। ये महाउपाय आपके जीवन में सदैव खुशियां बरकरार रखेंगे।

## अपने कुलगुरु देवी देवता की उपासना जरूर करें।

- भगवान श्रीकृष्ण को पूरे महीने नियमित रूप से शुद्ध अबीर गुलाल के साथ साथ पीले फल अर्पण करें। इससे गुस्से या चिड़चिड़ाहट की समस्या से राहत मिलेगी।
- अपने स्नान के जल में सुगन्धित केवड़ा मिलाकर स्नान करें और चन्दन की सुगंध का प्रयोग करें। इससे मानसिक अवसाद की शिकायत दूर होगी।
- भगवान शिव को पूरे महीने पंचामृत के साथ साथ सफ़ेद चंदन भी अर्पित करें और ? नमः शिवाय का मन ही मन जाप करें। ऐसा करने से आप स्वस्थ रहेंगे।
- माँ लक्ष्मी को शुद्ध गुलाब का इत्र या लाल गुलाब के 5 या 11 फूल जरूर अर्पण करें। इससे घर में लक्ष्मी की कभी कमी नहीं होगी।
- फाल्गुन महीने को आनंद और उल्लास का महीना भी माना जाता है। फाल्गुन मास के आगमन के साथ गर्मी की शुरुआत होती है और सर्दी कम होने लगती है। बसंत का प्रभाव होने के चलते, इस महीने में रिश्तों में मधुरता आती है और पूरा वातावरण मनमोहक रहता है। ऐसे में बदलती ऋतु के साथ अपना खानपान भी बदलना होगा। घी, खिचड़ी का सेवन कर सकते हैं। इस महीने में सुबह जल्दी स्नान करना भी शुभ माना गया है.

## चंद्रमा को करें जल अर्पण

ऐसा कहा जाता है कि फाल्गुन महीने में चंद्रमा का जन्म हुआ था। इस समय चंद्रमा की जल अर्पण करके पूजा करने से विशेष कृपा बरसती है। चंद्र को जल अर्पण करने से आपका चंचल मन भी शांत हो जाता है।

## ये सावधानी रखें

- फाल्गुन महीने की शुरुआत से ही शीतल या सामान्य जल से स्नान करें। रात्रि के समय भोजन में अनाज का प्रयोग कम से कम करें। फल सब्बजियों का सेवन कर सकते हैं। कपडे ज्यादा रंगीन और सुन्दर धारण करें ,सुगंध का प्रयोग भी कर सकते हैं। नियमित रूप से भगवान कृष्ण की पीले फूलों से उपासना करें और शुद्ध घी का दीया जलाएं।
- अपने बड़ों का आर्शीवाद लेना ना भूलें। इससे रुके हुए कार्य पूरे होंगे और ज्यादा दुविधा का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

# सुबह करें ये खास काम किस्मत देगी साथ



अगर दिन की शुरुआत शुभ हो तो पूरा दिन अच्छा रहता है। इसीलिए सुबह को शुभ बनाने के लिए कुछ खास काम ऐसे बताए गए हैं, जिन्हें करते रहने से किस्मत का साथ मिल सकता है। काफी लोग दिनभर और देर रात तक कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन मनचाहा लाभ प्राप्त नहीं कर पाते हैं। इस संबंध में ज्योतिष की मान्यता है कि जिन लोगों की कुंडली में ग्रहों के दोष होते हैं, वे आसानी से सफल नहीं हो पाते हैं, उन्हें ग्रहों का साथ नहीं मिलता है और वे दुखी रहते हैं। ग्रहों के दोष दूर करने और किस्मत का साथ पाने के लिए यहां जानिए 7 ऐसे शुभ काम जो सुबह-सुबह करना चाहिए...

- **पहला काम**–सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठें। ब्रह्म मुहूर्त यानी सूर्योदय से ठीक पहले। अगर ये संभव ना हो तो ज्यादा से ज्यादा 6-7 बजे तक जरूर उठ जाना चाहिए। इससे धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य को भी फायदा मिलता है।
- **दूसरा काम**–सुबह जागते ही सबसे पहले अपनी दोनों हथेलियों को देखना चाहिए। हाथों को देखते समय यह मंत्र बोलना चाहिए- कराग्रे वसते लक्ष्मी, करमूले सरस्वती, करमध्ये तू गोविंद प्रभाते कर दर्शनं। इस मंत्र से लक्ष्मी, सरस्वती और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है।
- **तीसरा काम**–पलंग से पैर नीचे रखते समय भूमि माता से क्षमा मांगें। भूमि भी देवी हैं, इन्हें पैर लगने से हमें दोष लगता है। इस दोष को दूर करने के लिए धरती माता से क्षमा मांगनी चाहिए।
- **चौथा काम**- स्नान करते समय सभी तीर्थों का और सभी पवित्र नदियों के नामों का जाप करना चाहिए। ऐसा करने पर सभी तीर्थों में स्नान का पुण्य मिलता है।
- **पांचवां काम**- स्नान के बाद साफ कपड़े पहनकर सूर्य को तांबे के लोटे से चल चढ़ाएं। जल चढ़ाते समय ऊँ सूर्याय नम~ मंत्र का जाप कम से कम 11 बार करें।
- **छठा काम**- घर के मंदिर में पूजा करें। तुलसी को जल चढ़ाएं। अगर संभव हो सके तो गाय को घास या रोटी खिलाएं।
- **सातवां काम**- घर से निकलने से पहले अपने माता-पिता का आर्शीवाद अवश्य लें। माता-पिता का आदर करने वाले लोगों को सभी देवी-देवताओं की कृपा मिलती है।



# घर बनवाते समय सबसे पहले बनायें भूमिगत टैंक

घर के निर्माण का कार्य शुरू कराने से पहले भूमि पूजन और नींव पूजन किया जाता है। जब भूमि पूजन हो जाए तब सबसे पहले उत्तर, पूर्व या ईशान कोण में नल और भूमिगत टैंक का काम पूरा करना चाहिए। इसके बाद इसी नल के पानी से घर के निर्माण का काम शुरू करना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर के निर्माण कार्य के दौरान कभी पैसों की कमी नहीं होती है।

## नींव की खुदाई का काम

नींव खोदना हमेशा प्लॉट के ईशान कोण (उत्तर और पूर्व का कोना) से शुरू करना चाहिए। ईशान कोण से शुरू करके वायव्य कोण यानी उत्तर और पश्चिम के कोने तक जाना चाहिए। दूसरी तरफ ईशान से अग्नेय कोण यानी पूर्व और दक्षिण के कोने तक नींव खोदनी चाहिए। अंत में अग्नेय कोण से खुदाई शुरू कर नैऋत्य पर खत्म करें।

## ऐसे करें भवन की दीवारों का निर्माण

भवन की दीवारों का निर्माण कार्य भी नींव के निर्माण के क्रम में ही करना चाहिए। जब शाम के समय चुनाई का काम बंद होने को हो तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उत्तर और पूर्व दिशा की दीवारें कभी भी दक्षिण-पश्चिम की दीवारों से ऊंची ना हो।

## नींव की भराई का काम


नींव की भराई का काम नैऋत्य कोण (दक्षिण पश्चिम का कोना) से शुरू करें और फिर अग्नेय कोण तक ले जाएं। इसके बाद वायव्य कोण से भराई का काम शुरू करें और नैऋत्य कोण तक ले जाएं। इसके बाद अग्नेय कोण से ईशान की तरफ ले जाएं और फिर अंत में वायव्य कोण से ईशान की तरफ नींव की भराई का काम करें।

## यहां रखें निर्माण सामग्री

भवन निर्माण में प्रयुक्त होनेवाली सामग्री जैसे, सीमेंट, ईंट, पत्थर, लोहा, टाइल्स आदि चीजें भूखंड के दक्षिण-पश्चिम या नैऋत्य भाग में रखें। उत्तर-पूर्व या ईशान कोण का प्रयोग इस काम के लिए कभी न करें।

## इसे रखें सबसे ऊंचा और नीचा

भवन का निर्माण कार्य कराते समय ईशान कोण को हमेशा गहरा या नीचा रखना चाहिए और नैऋत्य कोण यानी दक्षिण और पश्चिम का कोना हमेशा बाकी कोनों से ऊंचा होना चाहिए।




# नवीन चिड़ियाघर के लिये निगमायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश







**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।**– नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सुबह-सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर शहर की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र गुर्जर, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, श्री आरएलएस मौर्य, नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव चैहान, चिडियाघर प्रभारी डॉ. उपेन्द्र यादव, जू क्यूरेटर श्री गौरव परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल सबसे पहले नवीन चिड़ियाघर के लिए स्थल देखने के लिए दुगनावली वन क्षेत्र का निरीक्षण किया और इसके बाद रमोआ डेम पर पहाड़ी पर भी सम्भावना तलाशने के लिए दौरा किया गया। उन्होंने कहा कि जनवरों व पच्छियों के लिये यहां का वातावरण कैसा रहेगा इसको ध्यान में रखते हुए दोनो जगह का प्रस्ताव बनाकर दें। जिससे आंगे की कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही इंद्रमणि नगर नाले सफाई का निरीक्षण किया। नाले के काफी अतिक्रमण मिला, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सड़क पर कचरा फैलाते हुए जा रहे डंपर को निगमायुक्त श्री कन्याल ने रोक कर कड़ी फटकार लगाई और डंपर को हटाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा शहर में किये जा रहे विकास कार्यों को देखा।

## कला ट्रस्ट द्वारा महेन्द्र मुणोत को किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू**–कला ट्रस्ट द्वारा नंदिनी लेआउट पार्क सभागार में आयोजित पौराणिक नाटक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजयनगर मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत को शॉल ओंढाकर सम्मानित करते हुए ट्रस्ट के सदस्य को महेन्द्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा पौराणिक नाटक के आयोजन से समाज को अपनी संस्कृति से जुड़े रखने का प्रयास सराहनीय है। इस कार्यक्रम में कला ट्रस्ट के सदस्य सहित बड़ी संख्या मे दर्शक मौजूद थे

## मतदाता निर्भीक होकर करें मतदान, पंचायतों के प्रथम चरण के मतदान की सभी तैयारियाँ पूर्ण



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- त्रि-स?तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी है। राज?य निर्वाचन आयुक?त श्री बसंत प्रताप सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदान जरूर करें। शनिवार 25 जून को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद मतदान केन?द्र में ही मतगणना होगी। राज?य निर्वाचन आयुक?त श्री सिंह ने बताया है कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। निर्वाचन कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। प्रथम चरण के मतदान के लिए 52 हजार से अधिक पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रथम चरण में 52 जिलों के 115 विकासखण्ड की 8702 ग्राम पंचायतों के 26 हजार 902 मतदान केंद्रों में मतदान होगा। इनमें से 22 हजार 915 सामान?य और 3 हजार 989 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। इन केंद्रों पर शनिवार को मतदान होगा। मतदान के दिन इन निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानीय अवकाश रहेगा। श्री सिंह ने कहा है कि मतदाता मतदान करने जाते समय अपना पहचान-पत्र जरूर ले जायें।

## प्रदेश के 109 वार्डों में भाजपा के पार्षद निर्विरोध निर्वाचित

### -भाजपा के सुशासन तथा विकास की नीतियों की बड़ी जीत

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में विभिन्न नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के 109 वार्डो में भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध पार्षद चुने गये हैं। नगर निगम में 1 वार्ड, नगरपालिका के 12 एवं नगर परिषद के 96 वार्डो में पार्टी के पार्षद निर्विरोध चुने गए है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा के सुशासन तथा विकास की नीतियों की बड़ी जीत है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने निर्विरोध निर्वाचित सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि यह समन्वय, सामंजस्य और सहयोग का यह अप्रतिम उदाहरण है। इससे पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति जनता का निरंतर विश्वास बढ़ा है और हम सब मिलकर स्थानीय चुनाव में विकास के संकल्प को पूरा करेंगे।

### यहा मिली जीत

सीहोर जिले की शाहगंज नगर पंचायत के 15 वार्डो में से 15 वार्ड, सागर जिले की नगर परिषद बरोदियाकलां के 15 वार्डो में से 15 वार्ड, मालथौन के 15 वार्डो में से 12 वार्ड, बांदरी के 15 वार्डो में से 11 वार्ड, दतिया जिले की नगरपालिका दतिया के 6 वार्ड, छतरपुर जिले के नगरपरिषद बिजावर के 4 वार्ड, नगरपरिषद बढ़ोनी के 3 वार्ड, नगरपरिषद भांडेर में 1 वार्ड, सागर जिले के नगर परिषद देवरी के 2 वार्ड, नगरपरिषद सुरखी के 2 वार्ड, नगरपरिषद शाहपुर के 1 वार्ड, नगरपरिषद बिलहरा के 2 वार्ड, पन्ना नगरपालिका के 2 वार्ड, नरसिंहपुर जिले के नगरपालिका सालीचौका में 1 वार्ड, नगरपरिषद साईंखेड़ा में 1 वार्ड, कटनी जिले के नगरपरिषद विजयराघौगढ़ में 1 वार्ड, पन्ना जिले के नगरपरिषद अमानगंज के 1 वार्ड, अजयगढ़ के 1 वार्ड, छतरपुर जिले के नगरपरिषद बारीगढ़ के 1 वार्ड, नगपालिका टीकमगढ़ के 1 वार्ड, नगरपरिषद खरकापुर के 1 वार्ड, इंदौर जिले के नगरपरिषद मानपुर के 1 वार्ड, सांवेर के 2 वार्ड, दतिया जिले के नगरपरिषद भांडेर के 1 वार्ड, ग्वालियर जिले के नगरपरिषद पिछौर के 1 वार्ड, शिवपुरी जिले के नगरपरिषद बदरवास के 1 वार्ड, भिंड के नगरपरिषद मालनपुर के 1 वार्ड, नगरनिगम रतलाम के 1 वार्ड, देवास जिले के नगरपरिषद टोंकखुर्द के 1 वार्ड, पीपलरवां के 1 वार्ड, कांटाफोड़ के 1 वार्ड, सीहोर जिले के नगरपालिका सीहोर के 1 वार्ड, नगरपरिषद नसरूल्लागंज के 2 वार्ड, नगरपालिका रायसेन के 1 वार्ड, नगरपरिषद सांची के 1 वार्ड, बाड़ी के 1 वार्ड, विदिशा जिले के नगरपालिका सिरोंज के 1 वार्ड, हरदा जिले के नगरपरिषद सिराली के 1 वार्ड, सतना जिले के नगरपरिषद उचहेरा के 1 वार्ड, अनुपपुर जिले के नगरपरिषद डूमरकच्छर के 1 वार्ड, नगरपरिषद मगरौनी के 1 वार्ड एवं रनौद के 1 वार्ड में भाजपा के पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## पुलिस थाना पिछोर की सेक्टर मोबाइल नंबर 8 ग्राम हरी नगर पंचायत लहरा मे देर रात गाली गलौज कर झगड़ा करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** पुलिस थाना पिछोर की सेक्टर मोबाइल नंबर 8 नया ग्राम हरी नगर पंचायत लोहारा में देहाती गाली गलौज का झगड़ा करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल पंचायत चुनाव में ग्राम की शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को पुलिस द्वारा तत्काल दर्ज कर जेल भेजा गया जाएगा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी किशोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए चलाए जा रहे गुंडा विरोधी अभियान के अंतर्गत ग्राम हरी नगर पंचायत लोहारा से पार्टी क्रमांक एक आरोपी शिव दयाल निवासी हरी नगर व पार्टी क्रमांक दो आरोपी केशव लोधी निवासी हरी नगर को धारा 151 जाब्ता फौजदारी में गिरफ्तार किया किशोरी लोधी निवासी हरी नगर ने शिवदयाल की विरुद्ध शराब पीकर गाली गलौज कर झगड़ा करने की शिकायत की व शिवदयाल लोधी ने केसरी लोधी द्वारा मारपीट करने की शिकायत की शिकायत मिलने पर थाना सेक्टर मोबाइल नंबर 8 ने दोनों आरोपियों को देर रात दबोच लिया दोनों आरोपी



पंचायत चुनाव में ग्राम की शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे थे आरोपियों को एसडीएम कोर्ट पिछोर पेश किया गया व दोनों आरोपियों को जेल भेजा पंचायत चुनाव के दौरान जो भी व्यक्ति शांति व्यवस्था बिगाड़े उसे तत्काल दबोच कर जेल भेजा जाएगा पुलिस थाना पिछोर की टीम एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक इंदर सिंह भदौरिया आरक्षक पुष्पेंद्र राठोर रक्षक रमेश सिंह व चालक रामपाल यादव शामिल रहे

## विप्रा संगनियो ने बाल भवन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक किया सामूहिक योग

**संतोष सिंह भदोरिया**

**ग्वालियर**/विश्व योग दिवस के इस मौके पे कार्यक्रम में सहभागी बनी बहिनों को ये प्रण दिलाया कि वो आज से और अभी से अपने



शरीर, मस्तिष्क और आत्मा का ध्यान प्रतिदिन योग द्वारा करेंगे । यह मानना है की यदि किसी भी व्यक्ति का शरीर अच्छा रहता है तो वह अच्छा सोच पाता है। ये शरीर वो मंदिर है जिसमें आपकी आत्मा का वास होता है, इसका ध्यान रखना हमारे लिए अत्यन्त आवश्यक है । कार्यक्रम में श्रीमती प्रतिभा चतुर्वेदी,सचिव श्रीमति डा. राजरानी शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमति ज्योति शर्मा, रेनू उपमन्यु, श्रीमति कल्पना शर्मा,श्रीमति सीमा दुबे,श्रीमति गीता शर्मा आदि विप्रा संगनिया उपस्थित रही ।

## घोषणावीर भाजपा बताये 17 करोड़ वापस क्यो ले लिये: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुये कहा कि घोषणावीर भाजपा बताये कि ग्वालियर पूर्व में विकास कार्यो के लिये उप चुनावा में 17 करोड़ रूपये स्वीकृत किये, जब भाजपा हार गई तो भाजपा सरकार ने 17 करोड़ रूपये वापस ले लिये। डॉ. शर्मा ने कहा कि भाजपा का विकास का नारा झूठ का एजेण्डा है और घोषणावीर भाजपा करोड़ों के विकास कार्यो की घोषणाये करती है, पर विकास कार्य नही करती है। भाजपा जो कहती है वो करती नही है। इनके पास अगर कुछ है तो वो झूठ बोलने का एजेण्डा है। झूठ बोलकर जनता को भ्रमित कर गुमराह किया जाता है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा कहती थी अच्छे दिन आयेगे, क्या यही अच्छे दिन हैं कि डीजल, पैट्रोल, रसोई गैस मंहगे कर दिये और खाद्यान्न पदार्थो के भाव आसमान छू रहे है। मंहगाई और बैरोजगारी से लोग परेशान हैं। शहर के नागरिक खस्ताहाल सड़कों से दो चार हो रहे हैं। पेयजल की चारों तरफकिल्लत है। स्मार्ट सिटी के नाम पर पैसे की बर्वादी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की करनी व कथनी को मतदाता जबाब देंगे।

## कलेक्टर श्री सिंह ने सभी मतदाताओं से की मतदान करने की अपील

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान 25 जून को होगा। जिले में प्रथम चरण में खनियाधाना और बदरवास जनपद पंचायत में निर्वाचन कराया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय कुमार सिंह ने सभी मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की है। श्री सिंह ने सभी मतदाताओं से कहा है कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति के वोट का महत्व है। लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। सभी मतदाता अपने निकटतम मतदान केंद्र पर बिना किसी भय और लालच के स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर मतदान करें।

## थाना दिनारा पुलिस की अवैध जहरीली शराब के विरुद्ध सक्रिय कार्यवाही

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश सिहं चंदेल साहब व्दारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांती पूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु अबैध शराब माफियाओं पर शक्ती से कार्यवाही करने हेतु निर्देशो के पालन मे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण भूरिया साहब के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय करैरा श्री संजय चतुर्वेदी साहब के नेतृत्व में थाना प्रभारी दिनारा को मुखविर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि सिकंदरा तरफ से एक मोटर साइकिल होन्डा जिसका नंबर स्क्32स्छ2726 पर एक व्यक्ति अवैध जहरीली शराब चुनाव में ख़पत करने दिनारा तरफ आ रहा है मुखबिर सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु पुलिस टीम ने सिकंदरा बेरियर पर चेकिंग लगाई गई चैकिंग के दौरान मुखविर की बताई हुलिया का एक व्यक्ति आता दिखा जो पुलिस के रोकने पर गाड़ी लेकर भागने लगा जिसका फोर्स की मदद से पीछा कर पकड़ा कब्जे से 25 लीटर (ओ .पी .) एवं मोटर साइकिल कुल किमती 47500 की जप्त की गई उक्त व्यक्ति ने अपना नाम नीलेश कंजर पुत्र उदय सिंह उम्र 25 साल निवासी सनोरा थाना जिगना जिला दतिया का होना बताया जिसे गिरफ्तार किया गया है जिसके विरुध्द अपराध क्रमांक 140/22धारा 49(क) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी दिनारा उनि संतोष भार्गव एवं उनकी टीम सउनि सतीश जयन्त चौकी प्रभारी थनरा, स उ नि संजय भगत, स उ नि हरवीर सिंह ,प्रधान आर अशोक तिवारी , आर आशीष शर्मा, आर.पीकेश ,आर मनीष ,आर अमित यादव की सराहनीय भूमिका रही है ।

# निगम आयुक्त ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन एवं फिल्टर प्लांटों का किया निरीक्षण

**भोपाल।** निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने तुलसी नगर में निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन के निर्माण कार्यों तथा करबला पम्प हाउस व ईदगाह फिल्टर प्लांट सहित अन्य जलशोधन संयंत्रों का निरीक्षण किया और निगम मुख्यालय भवन के काटन वॉल व रैम्प सहित अन्य कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने, पर्याप्त वेंटीलेशन व प्रकाश की व्यवस्था करने तथा पेड़ लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने करबला पम्प हाउस व ईदगाह फिल्टर प्लांट सहित अन्य फिल्टर पम्पस का निरीक्षण कर रॉ वॉटर सप्लाई व जलशोधन संयंत्र व प्रयोगशाला की प्रक्रिया का अवलोकन किया और ईदगाह हिल्स स्थित मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के सामने पाईप लाईन डालने का कार्य 10 दिन में तथा राम मंदिर व बैरागढ़ जलप्रदाय से संबंधित कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ईदगाह हिल्स मुख्य मार्ग पर तीन लीकेज पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त श्री चौधरी ने संबंधित सहायक यंत्री को फटकार लगाई और तत्काल लीकेज सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सुश्री ऋजु बाफना, मुख्य अभियंता ए.आर.पवार, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग, नगरयंत्री जेड़.ए.खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने शुक्रवार को निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और काटन वॉल, रैम्प व पिलर का कार्य तेजी से करने, भराव का कार्य तथा पेड़ लगाने संबंधी कार्यों को तीव्र गति से करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने मुख्यालय भवन में पर्याप्त वेंटीलेशन एवं प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही यह भी निर्देशित किया कि प्रकाश की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि लाईट केवल रात में ही जलानी पड़े। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने करबला पम्प हाउस का निरीक्षण किया और ईदगाह हिल्स फिल्टर प्लांट पर रॉ वॉटर भेजने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और इस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान ईदगाह हिल्स मुख्य मार्ग पर तीन जगह पानी बेहता देख निगम आयुक्त श्री चौधरी अपने वाहन से उतरे और स्थल का मुआयना किया तो पाया कि पाईप लाईन से लीकेज हो रहा है। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने उक्त लीकेज पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सहायक यंत्री को फटकार लगाई और तत्काल लीकेज ठीक करने के आदेश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने ईदगाह हिल्स मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के सामने पाईप लाईन डालने के कार्य का अवलोकन किया और पाईप लाईन डालने के कार्य को 10 दिवस में पूर्ण करने, राम मंदिर व बैरागढ़ जलप्रदाय संबंधी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने ईदगाह हिल्स स्थित 03 एम.जी.डी. क्षमता के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया।



# रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा संभागीय युवा संवाद का आयोजन

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कृषि संकाय एवं समर्थ आत्मनिर्भर भारत केन्द्र तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, म.प्र. शासन के संयुक्त तत्वावधान में संभागीय युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. एस. के. परनाम विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने संभागीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजन के महत्वों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे पशु चिकित्सा एवं डेयरी विकास विभाग की समस्त योजनाओं में से स्वरोजगार







हेतु योजना चुने और विभाग के एक्सपर्ट अधिकारियों का मार्गदर्शन लेकर अपनी इकाई स्थापित करें। वहीं दुग्ध संघ भोपाल से डॉ. अंजली खरे द्वारा छात्रों एवं फैकल्टी सदस्यों को दुग्ध संकलन एवं दुग्ध वितरण गतिविधियों में उपलब्ध स्वरोजगार की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हे आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. परनाम ने विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों हेतु कड़कनाथ मुर्गी की डिमान्स्ट्रेशन इकाई स्थापित करने की इच्छा जताई। अंत में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मुख्य वक्ताओं से अनेक प्रश्न किए और संकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के डीन डॉ. अनिल कुरचानिया द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। वहीं अंत में डॉ. अशोक वर्मा, विभागाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का समन्वय और मंच संचालन एम.ई. खान द्वारा किया गया।

# नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का आपका कमलनाथ-आपके साथ अभियान

### आज सिंगरौली से शुरुआत

### 26 को सागर में रोड शो और 27 जून को सतना में रैली करेंगे कमलनाथ



**भोपाल।** निकाय चुनाव के प्रचार अभियान को तेज गति देने के लिए कांग्रेस पार्टी ने 'आपका कमलनाथ-आपके साथ' अभियान लॉच किया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ कल सिंगरौली से इस अभियान का आगाज करेंगे।

मुख्यमंत्री कमलनाथ कल 24 जून को सिंगरौली में रामलीला मैदान पर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान कमलनाथ सिंगरौली की जनता को 'जन-जन के मन का शहर' - 'जन-जन के मन का सिंगरौली' के सूत्र वाक्य के आधार पर सिंगरौली विकास के लिए नए अध्याय की शुरुवात करेंगे। कमलनाथ 26 जून को सागर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करेंगे। कमलनाथ 27 जून को सतना के टाउन हॉल ग्राउंड पर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व कमलनाथ इंदौर में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आगामी तिथियों में उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और छिंदवाड़ा सहित अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम, रैली, रोड शो और सभा करेंगे।

## पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव

### पेट्रोल -डीजल का रिजर्व स्टाक रखने के निर्देश

**भोपाल।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन एवं आगामी नगरीय निकायों के निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश लवानिया द्वारा जिले के समस्त पेट्रोल, डीजल पम्प डीलरों के कारोबार स्थल पर प्रत्येक समय एक हजार लीटर पेट्रोल एवं दो हजार लीटर डीजल रिजर्व स्टॉक, डेड स्टॉक के अतिरिक्त रखे जाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति निरंतर बनाए रखने के भी आदेश दिए गए हैं। आदेश अनुसार रिजर्व स्टॉक की मात्रा में से संबंधित एसडीएम, खाद्य विभाग की अनुमति से पेट्रोल एवं डीजल प्रदाय किया जा सकेगा। आदेशों का अपालन पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध निर्वाचन नियमों एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### मदिरा दुकाने 48 घंटे पूर्व से बंद

**भोपाल।** निर्वाचन शांतिपूर्ण तथा शालीन वातावरण में निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पंचायत निर्वाचन के 05 किलोमीटर के दायरे में समस्त शराब की दुकानें मतदान के समाप्त होने के समय से 48 घंटे पूर्व से बंद रखे जाने के आदेश दिए है। इस अवधि में शराब के क्रय-विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए गए है।त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतदान 25 जून को होगा। इस अवधि में शराब का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पंचायत आम निर्वाचन के समय ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शराब की सभी दुकानें संबंधित ग्राम पंचायत के मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटे पूर्व बंद रखी जाएंगी। जनपद पंचायत अथवा जिला पंचायत के सदस्य के निर्वाचन के मामले में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत की भौगोलिक सीमा की परिधि में शराब की सभी दुकानें बंद रखी जाएंगी। जिन ग्राम पंचायतों में आम निर्वाचन संपन्न होना है, उन ग्राम पंचायतों की सीमा से 5 किलोमीटर की अवधि में आने वाली समस्त शराब की दुकानें भी बंद रखी जाएंगी।

### अब तक 1062 गैर लाइसेंसी हथियार जब्त

**भोपाल।** पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 में प्रदेश में कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभी तक प्रदेश में 1062 गैर लाइसेंसी हथियार (आर्म्स) जप्त किये जा चुके हैं। प्रदेश में 2 लाख 56 हजार लाइसेंसी हथियार जमा करवाये गए हैं। प्रिवेन्टिव सेक्सन ऑफ सीआरपीसी में एक लाख 36 हजार 521 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है।

## प्रत्याशियों के साथ रथ में सवार होकर निकले

# आदिवासी रंग में रंगे शिवराज, द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाने पर मनाया जश्न

### आदिवासी लोक-कलाकारों के साथ जनजातीय लोक-संगीत की धुनों पर उनके साथ नाचे

**भोपाल।** भाजपा और एनडीए की ओर से ओडिशा की द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के चुनाव में संयुक्त प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा समेत मध्य प्रदेश के सभी आदिवासी जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज और पार्टी के अन्य नेता आदिवासी रंग में रंगे नजर आए। कार्यक्रम के लिए मंच पर पहुंचने से पूर्व सीएम शिवराज और वीडी शर्मा आदिवासी लोक-कलाकारों के साथ जनजातीय लोक-संगीत की धुनों पर उनके साथ खूब नाचे।कार्यक्रम के दौरान शिवराज सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जनजातीय वर्ग की महिला द्रौपदी मुर्मू देश के सर्वोच्च पद का दायित्व मिला है। कांग्रेस ने जनजातीय वर्ग का केवल शोषण





किया है, उन्हें केवल वोट बैंक का साधन माना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार मिलकर जनजातीय वर्ग को उनका सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया व मध्यप्रदेश में धीरे-धीरे पेसा एक्ट लागू किया जा रहा है। जनजातीय वर्ग के सर्वांगीण कल्याण के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की शर्त पर दी जमानत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने कोरोना से बचाव के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करने की शर्त पर हत्या के आरोपित पिता की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एसए धर्माधिकारी की एकलपीठ ने कहा कि ट्रायल के दौरान आरोपित कोर्ट में हाजिर रहेगा और अदालत व जांच एजेंसी की अनुमति के बिना विदेश नहीं जाएगा। यह मामला सतना से संबंधित है।

हत्या के नौ माह बाद एक युवती का कंकाल के रूप में शव बरामद हुआ, जिसे पिता ने ही पहचाना। घटना के डेढ़ साल बाद युवती के प्रेमी ने पुलिस को बयान दिया, जिस पर पिता को आरोपित बनाकर गिरफ्तार किया गया। आवेदक की ओर से अधिवक्ता नितिन कुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पिता ने ही शव को पहचाना था और पुलिस ने उस समय गिरफ्तार नहीं किया। दूसरी ओर गवाह के बयान भी विरोधाभासी है। ट्रायल में समय लगेगा, इसलिए जमानत दे दी जाए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कई शर्तों के साथ गोपी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। सात अक्टूबर, 2019 को सतना निवासी गोपी साकेत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी 27 सितंबर से लापता है। जांच के दौरान एक जून 2020 को कंकाल के रूप में युवती का शव मिला, जिसे पिता ने ही पहचाना। घटना के करीब डेढ़ साल बाद युवती के प्रेमी ने पुलिस में बयान दिया, जिस पर पुलिस ने गोपी साकेत को आरोपित बनाकर चार अप्रैल, 2022 को गिरफ्तार किया।

# प्रदेश के सात लाख विद्यार्थियों को नहीं मिली पिछले साल की छात्रवृत्ति

**भोपाल।** नया सत्र शुरू हो गया है और स्कूल भी खुल गए हैं। अब तक शासन की ओर से पहली से बारहवीं तक में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली 60 करोड़ रुपये की राशि नहीं मिली। प्रदेश के पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए शासन की ओर से 20 प्रकार की योजना चलाई जाती है। अभी तक प्रदेश के करीब सात लाख विद्यार्थियों को पिछले सत्र 2021-22 की छात्रवृत्ति नहीं मिली है। हर साल प्रदेश के 80 लाख बच्चों को शासन की ओर से विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति दी जाती है। शासन की ओर से विभिन्न योजनाओं पर 700 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। इसमें विद्यार्थियों को 50 रुपये से लेकर 550 रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाती है।

शिक्षा पोर्टल पर बैंक खाता अपडेट नहीं होने के कारण राशि नहीं मिली है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने सभी जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। डीपीआइ ने एक सप्ताह के अंदर पोर्टल पर बच्चों का खाता अपडेट करने का समय दिया है।

### नए सत्र की सूची तैयार नहीं हुई

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 20 प्रकार की योजनाएं छात्रवृत्ति के लिए चलाई जाती है। वहीं सत्र 2022-23 की छात्रवृत्ति की राशि के लिए अब तक विभाग ने पात्र विद्यार्थियों की सूची तैयार भी नहीं की है। ऐसे में इस साल भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पाने के लिए निराश होना पड़ेगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल पर विद्यार्थियों का गलत बैंक खाता अपलोड किया गया है। गलत बैंक खाता अपलोड होने से सात लाख विद्यार्थियों का ट्रांजेक्शन फेल होने के कारण उन्हें छात्रवृत्ति नहीं मिली है।



# वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**जबलपुर।** गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस शुक्रवार को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि स्थल बारहा नर्रई नाला में आज सुबह कलेक्टर डा इलैयाराजा टी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठ सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किए। अफसरों ने वीरांगना रानी व उनके पुत्र वीर नारायण के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके शौर्य व बलिदान को याद किया। समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद भंवरताल उद्यान में वीरांगना रानी दुर्गावती को गार्ड आफ आनर दिया गया।

इस दौरान कलेक्टर डा. इलैयाराजा ने मशाल जलाकर मैराथन धावकों को सौंपा, जो भंवर ताल गार्डन तक गये। भंवरताल गार्डन में भी गौरव दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाद में भंवरताल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मैराथन पहुंची, जहां पर कलेक्टर ने धावकों से मशाल लेकर प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। यहां विभिन्न स्कूलों के होनहार विद्यार्थी भी पहुंचे।

### यूजी के लिए कुल 1 लाख 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को आवंटित की गई सीटें

**भोपाल।** प्रदेश के 1317 सरकारी और निजी कालेजों प्रथम चरण के कालेज लेवल काउंसलिंग में कालेजों में कुल सीटों के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत ही प्रवेश हुए हैं। कुल एक लाख 10 हजार से अधिक आवेदकों को सीट आवंटित की गई थीं, जिनमें से कुल 55 हजार से अधिक सीटों पर आवेदकों ने फीस जमा करके प्रवेश लिया है। प्रदेश के 1317 कालेजों में कुल करीब 6 लाख सीटों पर प्रवेश दिए जाना हैं, जिनमें से प्रवेश प्रक्रिया के तहत अब तक 55 हजार से अधिक प्रवेश ही हुए हैं। कालेज लेवल काउंसलिंग के दूसरे चरण में अब तक 27 हजार के करीब पंजीयन और 20 हजार से अधिक ने सत्यापन कराया है। बता दें, कि यूजी के दूसरे चरण के कालेज लेवल काउंसलिंग के तहत आनलाइन पंजीयन की तिथि शुक्रवार रखी गई है, जबकि सत्यापन की तारीख 26 जून है। 29 जून को मेरिट लिस्ट जारी होगी।

# धर्म को मंदिर और पूजा स्थल तक सीमित मत रखो

### मुनि विहसन्त सागर के प्रवचन



**भोपाल।** मुनि विहसन्त सागर ने कहा धर्म श्रद्धा, आस्था और भक्ति का प्रति फल है। धर्म को मंदिर और पूजा स्थल तक सीमित मत रखो। दया परस्पर सहयोग परोपकार के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा और जीव दया धर्म का मूल रूप है। महाराजश्री यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जैन तीर्थ सुखीसेवनिया दिगंबर जैन मंदिर में मुनि विहसन्त सागर महाराज ससंग के सानिध्य में नवीन वेदिका का शिलान्यास किया गया। जय कारो के साथ भगवान जिनेन्द्र का अभिषेक पूजा-अर्चना हुई। धार्मिक अनुष्ठान ब्रह्मचारी अरुण भैया के निर्देशन में हुए। श्री आदिनाथ त्रमूर्ति ट्रस्ट सूखी सेवनिया में जिनालय का निर्माण कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा, मुकेश डब्बू, नरेंद्र जैन वर्धमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया मुनि विहसन्त सागर महाराज मेनपूरी उतर प्रदेश से लगभग 10000 किलोमीटर का पद विहार कर भोपाल आए।

### 400 रेलकर्मियों को आज मिलेगा उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार मिलेगा

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल के 400 रेलकर्मियों को शुक्रवार दोपहर बाद उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार दिया जाएगा। इनमें से दर्जनों रेल कर्मियों ने रेलवे को संभावित रेल हादसों से बचाया है और लाखों रेल यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा की है। इनका सम्मान डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय द्वारा किया जाएगा। सम्मान समारोह रेलवे भर्ती बोर्ड के कार्यालय के पास पूर्वी रेलवे कालोनी में दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक 249 रेलकर्मियों को व्यक्तिगत पुरस्कार दिए जाएंगे। 156 को समूह पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस तरह 400 रेलकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 67वें रेल सप्ताह समारोह के तहत किया जा रहा है।

## हर कोई अपने बच्चे को पढ़ाना चाहे इन स्कूलों में

# सीएम राइज स्कूल में हो शहरों जैसी सुविधा :डा. पल्लवी जैन

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग की प्रमुख सचिव डा. पल्लवी जैन गोविल ने कहा कि जब सीएम राइज़ स्कूल की परिकल्पना हुई तब मुख्यमंत्री ने हमें निर्देश दिए कि प्रदेश में ऐसे स्कूल बनाए जाए जिसमें हर कोई अपने बच्चे को पढ़ाना चाहे। उनका ध्येय है कि ग्रामीण व जनजातीय बच्चों को भी समान रूप से ऐसी शिक्षा और सुविधाएं मिल सकें, जैसे शहरों के बड़े-बड़े स्कूलों में होती है। जनजातीय कार्य विभाग का लक्ष्य है कि हमारे हर सीएम राइज़ स्कूल की अपनी एक कला, पहचान, शोभा और साख बनें। वहां बच्चे पढ़कर



एक सफल नागरिक बन पाएं। उन्होंने यह बात जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रशासन अकादमी में आदिवासी कलाकारों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान कही। कार्यशाला में विभिन्न सीएम राइज़ स्कूलों के जिलों से स्थानीय गोंड, बैगा व भील जनजाति के कलाकारों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यशाला में भवन निर्माण से जुड़े प्रशासनिक अधिकारी, वास्तुविद्, कला विशेषज्ञ और शिक्षक भी शामिल हुए। इसमें सीएम राइज़ स्कूलों के जनजातीय कला आधारित सौन्दर्यीकरण पर चर्चा व मंथन हुआ। वर्कशाप में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के जिला आयुक्त व प्राचार्य भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। कार्यशाला में वास्तुविदों ने जनजातीय कला पर केंद्रित विभिन्न कांसेप्ट प्लान प्रस्तुत किए। वास्तुविदों और कलाकारों ने कलात्मक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा के बाद प्रजेंटेशन दिया और डिजाइंस तय किए, ताकि स्कूलों में जनजातीय कला की उत्कृष्ट व अनोखी झलक दिख सके।जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त संजीव सिंह ने कहा कि जनजातीय कला व संस्कृति को संवारते-संजोते हुए इसका प्रचार करना भी बेहद जरूरी है। इन स्कूलों में कलात्मक कार्य कर जनजातीय कलाकार अपनी कला को प्रदर्शित कर सकेंगे। व्यक्तिगत तौर पर एक कलाकार को मजबूती देगा कि वह अपनी कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। इससे उसकी आय के स्त्रोत भी बढ़ सकेंगे। सीएम राइज़ स्कूलों में शामिल की गई जनजातीय कला देश में एक अनुपम उदाहरण व मिसाल साबित होगा।

### टिकट नहीं मिलने पर कराया मुंडन

**भोपाल।** शहर के वार्ड क्रमांक-78 से पार्षद उम्मीदवार का टिकट नहीं मिलने से दुखी हफीज खान ने मुंडन करा लिया। इसके बाद अपने बाल वरिष्ठ नेताओं को भेज दिए। इससे पहले खान सड़क पर प्रदर्शन कर चुके हैं। हफीज बीते 15 सालों से वार्ड में सक्रिय हैं, उन्हें टिकट नहीं मिला। मोहम्मद रियाज को टिकट दे दिया गया। इससे नाराज हफीज ने मुंडन करा कर विरोध किया। पिछले चुनाव में हफीज कांग्रेस की प्रत्याशी रहीं प्रिया ठाकुर के खिलाफ निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गए थे। जिससे कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर चुनाव हार गई थीं। इस बार उन्होंने टिकट देने की मांग की थी, लेकिन वरिष्ठ नेताओं ने टिकट नहीं दिया।

### संग्रहालय में प्रवेश एवं फोटोग्राफी शुल्क में वृद्धि

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की जनजातियों के जीवन, देशज ज्ञान, कला परंपरा और सौन्दर्यबोध पर एकाग्र स्थापित मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में प्रवेश एवं फोटोग्राफी शुल्क में 1 जुलाई, 2022 से वृद्धि की गई है। जिसमें भारतीय दर्शक (10 वर्ष से अधिक आयु के दर्शकों के लिये) रुपये 20, विदेशी दर्शक (10 वर्ष से अधिक आयु के दर्शकों के लिये) रुपये 400, फोटोग्राफी प्रति कैमरा / मोबाइल (अव्यवसायिक बिना स्टैण्ड, ट्रायपॉड, सेल्फीस्टिक) के रुपये 100 निश्चित किया गया है, जो 1 जुलाई, 2022 से प्रभावशील होगा। संग्रहालय के खुलने एवं बंद होने का समय दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक है। संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं में मध्यप्रदेश के जनजातीय समुदायों के आवास की वास्तुगत, शिल्पगत और व्यवहारगत रूपों को प्रदर्शित किया गया है। संग्रहालय में 6 अलग-अलग कलाओं शिल्प माध्यमों की दीर्घाएं हैं जिनमें जनजातीय जीवन की झलक, उनके परिवेश, खेल ,संस्कृति, देवलोक आदि देखने को मिलते हैं। प्रत्येक दीर्घा में जिज्ञासुओं, शोधार्थियों के लिए कियोस्क स्थापित किए गए हैं।



# जिले में मतदान की सभी तैयारियाँ पूर्ण

## सभी 846 मतदान केन्द्रों में पहुँचे मतदान दल, 25 जून को प्रातः 7 बजे से शुरू होगा मतदान

### कलेक्टर श्री सिंह ने मतदाताओं से की अपील निर्भीक होकर डालें वोट



ग्वालियर। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। जिले की चारों जनपद पंचायत मुरार, घाटीगाँव, डबरा व भितरवार के अंतर्गत कुल 263 ग्राम पंचायतों में बनाए गए सभी 846 मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने के लिये शुक्रवार को मतदान दल पहुँच गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर और स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करें। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार 25 जून को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान के बाद मतदान केन्द्र पर ही मतों की गिनती की जायेगी।

मतदान सम्पन्न कराने के लिये शुक्रवार को जनपद पंचायत मुरार के 184 व जनपद पंचायत घाटीगाँव के 187 मतदान केन्द्रों के लिये यहाँ ग्वालियर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर पॉलीटेक्निक कॉलेज से मतदान दलों को विशेष वाहनों द्वारा रवाना किया गया। इसी प्रकार डबरा जनपद पंचायत में स्थित 224 मतदान केन्द्रों के लिये कृषि उपज मंडी डबरा और भितरवार जनपद पंचायत के 251 मतदान केन्द्रों के लिये शासकीय महाविद्यालय भितरवार से विशेष वाहनों द्वारा मतदान दल रवाना किए गए। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव कराने के लिये कुल 4 हजार 653 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी सहित कुल पाँच कर्मचारी शामिल हैं।

### जिले में कुल 2277 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में जिले की चारों जनपद पंचायतों में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिये कुल 2277 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इनमें पंच पद के 346 प्रत्याशी, सरपंच के 1322, जनपद पंचायत सदस्य के 458 एवं जिला पंचायत सदस्य के 151 प्रत्याशी शामिल हैं।

### जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत में पदों की स्थिति

त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था के तहत जिले में कुल 13 जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होना है। जनपद पंचायत मुरार, घाटीगाँव व डबरा में तीन ङ्क तीन एवं भितरवार में जिला पंचायत सदस्य के चार वार्ड हैं। जिले के चारों विकासखण्डों में 25 ङ्क 25 वार्ड के मान से जनपद पंचायत सदस्यों के कुल 100 वार्ड हैं। जिले में ग्राम पंचायतों की संख्या 263 है। इस प्रकार कुल 263 ग्राम पंचायत सरपंच निर्वाचित होंगे। जनपद पंचायत मुरार में 65 ग्राम पंचायत, घाटीगाँव में 48, डबरा में 68 एवं जनपद पंचायत भितरवार में 62 ग्राम पंचायतें हैं। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंच पद के लिये वार्डों की संख्या 4518 है।

### 4,70,995 मतदाता चुनेंगे पंच-सरपंच एवं जनपद व जिला पंचायत सदस्य

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में ग्वालियर जिले के ग्रामीण अंचल में निवासरत 4 लाख 70 हजार 995 निवासियों को वोट डालने का अधिकार है। ग्रामीण अंचल के कुल मतदाताओं में 2 लाख 53 हजार 34 पुरूष और 2 लाख 17 हजार 938 महिला मतदाता शामिल हैं।

जिले की जनपद पंचायत मुरार में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 4 हजार 199 है, जिनमें 57 हजार 164 पुरूष और 47 हजार 30 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत घाटीगाँव में कुल एक लाख एक हजार 575 मतदाता हैं। यहाँ के कुल मतदाताओं में 54 हजार 587 पुरूष व 46 हजार 984 महिला मतदाता हैं। जनपद पंचायत डबरा में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 22 हजार 684 है। इनमें 65 हजार 447 पुरूष और 57 हजार 232 महिला मतदाता शामिल हैं। जनपद पंचायत भितरवार में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 42 हजार 537 है। जिनमें 75 हजार 836 पुरूष व 66 हजार 692 महिला मतदाता हैं।

## निगम अमले ने 100 किलो से अधिक जप्त की अमानक पॉलीथिन



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार सिंगल यूज पॉलीथिन बैन से पहले नगर निगम ग्वालियर के स्वास्थ्य अमले द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अमानक पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाकर विभिन्न बाजारों में छापामार कार्रवाई कर पॉलीथिन जप्त कर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र गुर्जर के निर्देशन में नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चैहान एंव स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने मुरार के रामलीला मैदान के पास खंडेलवाल ब्रदर्स पर छापा मार कार्यवाही करते की जिसमें वह अमानक पॉलीथिन बेचते हुए पाया गया। इस छापेमारी मारी में 100 किलो से अधिक पॉलीथिन जप्त की गई। जिसके बाद मौके पर पंचनामा बना कर प्रकरण बनाया गया।

## रोली-चंदन के टीके एवं फूल-मालाओं से हुआ मतदान दलों का स्वागत

### आकर्षक आदर्श मतदान केन्द्र भी बनाए



ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 25 जून को मतदान सम्पन्न कराने के लिये तैनात किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मतदान केन्द्र पहुँचने पर आत्मीय स्वागत हुआ। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की पहल पर संभाग के सभी जिलों के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों का स्वागत हुआ। रोली-चंदन के टीके लगाकर और फूल मालाओं से मतदान दलों का बीएलओ एवं स्थानीय कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया।

ग्वालियर जिले की डबरा जनपद पंचायत के ग्राम महाराजपुर व लखनौती, शिवपुरी जिले की खनियाधाना जनपद पंचायत के ग्राम खिरकिट में जब मतदान दलों का अभिनंदन हुआ तो सभी कर्मचारी इस आत्मीयता से गदगद हो गए। मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का कहना था कि हम सब पूरी मुस्तैदी और मतदाताओं की सुविधाओं का ध्यान रखकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न करायेंगे।

मतदाता अच्छे वातावरण में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इसके लिये राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर सहित संभाग के सभी जिलों में आदर्श मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। आदर्श मतदान केन्द्रों के साथ-साथ अन्य सभी मतदान केन्द्रों पर छाया, पेयजल, शौचालय इत्यादि सहित अन्य बुनियादी सुविधाएँ जुटाई गई हैं। ग्वालियर जिले के आरोली सहित अन्य ग्रामों में आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

## क्राईम ब्रांच ग्वालियर की सायबर क्राईम टीम ने ऑनलाइन ठगी करने वाले दो आरोपियों को हिरासत में लिया



ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* के समक्ष फरियादिया द्वारा लिंक के जरिये अज्ञात ठग द्वारा 70,000 रूपये निकाले जाने की शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा फरियादिया की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अति0 पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया को क्राईम ब्रांच की सायबर क्राईम टीम से उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए संलिप्त बदमाशों की पतारसी कर उनकी गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री रत्नेश सिंह तोमर* एवं श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 डॉ. संतोष यादव द्वारा उक्त शिकायत पर से अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 420 भादवि एवं 66 आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर सायबर क्राईम टीम प्रभारी निरी0 नरेश गिल के नेतृत्व टीम गठित कर उक्त प्रकरण की जांच हेतु लगाया गया। दौराने जांच सायबर क्राईम टीम को ज्ञात हुआ कि फरियादिया के खाते से निकाली गई रकम से जयपुर (राजस्थान) में क्रेडिट कार्ड का बिल पैमेंट किया गया है। उक्त सूचना पर से सायबर क्राईम प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए मय सायबर क्राईम टीम के साथ जयपुर (राजस्थान) से प्रकरण के दो आरोपियों को धरदबोचा। पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा फरियादिया के साथ धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये बदमाशों से फरियादिया के खाते निकाले गये रूपयों मे से 40,000/- रूपयों को बरामद कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में सलिप्त अन्य बदमाशों के संबंध में आरोपियों द्वारा बताये गये स्थानों पर दबिस दी जा रही है। सराहनीय भूमिकाः उक्त कार्यवाही में निरी0 डॉ. संतोष यादव, निरी0 नरेश गिल, उनि0 धर्मेंद्र शर्मा, हरेन्द्र सिंह राजपूत, मप्रआर0 अर्चना कंसाना, आर0 शिवशंकर शर्मा, प्रदीप यादव, सुनील शर्मा, सुमित भदौरिया, ओमशंकर सोनी, गौरव पवार, श्याम मिश्रा, कपिल पाठक, जैनेन्द्र गुर्जर, मआर0 सुनीता कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता निर्भीक होकर करें मतदान - राज्यह निर्वाचन आयुक्त

**पंचायतों के प्रथम चरण के मतदान की सभी तैयारियाँ पूर्ण**

ग्वालियर। राज्ये निर्वाचन आयुक्ती श्री बसंत प्रताप सिंह ने कहा है कि त्रि-स्तोरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी है। श्री सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदान जरूर करें। शनिवार 25 जून को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरन्तं बाद मतदान केन्द्रर में ही मतगणना होगी। राज्य् निर्वाचन आयुक्तण श्री सिंह ने बताया है कि सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की पुख्तान व्यवस्थार की गयी है। अफवाहों पर ध्याहन नहीं दें। निर्वाचन कार्य में बाधा डालने वाले व्योक्तियों के विरूद्ध सख्त? वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। प्रथम चरण के मतदान के लिए 52 हजार से अधिक पुलिस बल की ड्युटी लगायी गयी है। प्रथम चरण में 52 जिलों के 115 विकासखण्ड की 8702 ग्राम पंचायतों के 26 हजार 902 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। इनमें से 22 हजार 915 सामान्य् और 3 हजार 989 संवेदनशील मतदान केन्द्रर हैं। इन केन्द्रों पर शनिवार को मतदान होगा। मतदान के दिन इन निर्वाचन क्षेत्रों में स्था नीय अवकाश रहेगा। श्री सिंह ने कहा है कि मतदाता मतदान करने जाते समय अपना पहचान-पत्र जरूर ले जायें।

### नगर निगम के सभी 66 वार्डों के लिए ईवीएम का हुआ रेण्डमाइजेशन

ग्वालियर। नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत मतदान के दौरान नगर निगम ग्वालियर में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) का शुक्रवार को पूरी पारदर्शिता के साथ रेंडमाइजेशन किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों, रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया। इसके साथ ही नगर निगम के सभी 66 वार्डों के समस्त मतदान केन्द्रों के लिए ईवीएम का निर्धारण हो गया है।

### मतदाताओं से अपील पहचान पत्र लेकर आएँ वोट डालने

**पहचान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्धारित किए हैं दस्तावेज**

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत होने वाले मतदान के दौरान मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 22 पहचान दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। इन पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान के दौरान अपना मतदाता पहचान पत्र (इपिक) अथवा निर्धारित पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लेकर अवश्य आएं। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की पहचान के लिए 22 दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। जिनमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त मतदाता पहचान पत्र (इपिक), भू-अधिकार एवं ऋष्ठ पुस्तिका, पीला राशन कार्ड, नीला राशनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक/किसान/डाकघर पासबुक, शस्त्र लायसेंस, संपत्ति दस्तावेज जैसे पट्टा व रजिस्ट्रीकृत अभिलेख, विकलांगता प्रमाण-पत्र, निराश्रित प्रमाण-पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान पत्र, सहकारी संपत्ति का प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस, आयकर पहचान पत्र (पेनकार्ड) राज्य या केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए जारी किए गए सेवा पहचान पत्र, छात्र पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछ?ा वर्ग व अधिवासी प्रमाण-पत्र, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन पासबुक, पेंशन अदायगी आदेश, भूतपूर्व सैनिक विधवा व विधवा का आश्रित प्रमाण-पत्र, रेलवे पहचान पत्र एवं स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र शामिल हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि इन दस्तावेजों में कोई दस्तावेज यदि परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध है तो उस परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिये भी अनुमति दी जायेगी। इसी प्रकार यदि परिवार के किसी दूसरे सदस्य के नाम से कोई दस्तावेज है तो परिवार के अन्य सदस्य की पहचान के लिये उसका उपयोग किया जा सकता है। बशर्ते ऐसे दस्तावेज के आधार पर दूसरे सदस्य की पहचान स्थापित हो रही हो। इस सूची में दर्शाए गए अभिलेखों के अलावा पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा, जिससे मतदाता की पहचान स्थापित होती हो। यदि कोई मतदाता किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवार, पटवारी, शिक्षक, ग्राम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका इत्यादि कर्मचारियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित करने के बाद भी मतदान की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।












स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478